


RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | सोमवार, 02 दिसंबर 2024 | वर्ष: 01, अंक: 287, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## महायुति सरकार का 5 दिसंबर को होगा शपथ ग्रहण समारोह

### पीएम मोदी समेत तमाम नेता लेंगे हिस्सा

एजेंसी

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री को लेकर जारी सस्पेंस के बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने ऐलान किया है कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर को होगा। चंद्रशेखर बावनकुले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया, ÷महाराष्ट्र में महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार, 5 दिसंबर, 2024 को शाम 5 बजे मुंबई के आजाद मैदान में होगा। प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे महायुति के सहयोगियों के साथ बैठक रद्द करके के बाद अपने गांव में मौजूद हैं। राज्य के अगले सीएम के चयन को लेकर एकनाथ शिंदे, भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और एनसीपी नेता अजित पवार ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की थी लेकिन तस्वीर अभी तक साफ नहीं हो पाई है। इस शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह



मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन के शीर्ष नेता और भाजपा शासित राज्यों के तमाम मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की संभावना है। इस बीच प्रशासन ने नई सरकार के गठन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 से 24 दिसंबर तक होने की संभावना है। बीते दिनों महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की है। मैंने उनसे कहा कि सरकार बनाने में हमारी तरफ से कोई अड़चन नहीं है। आप निर्णय लीजिए, भाजपा जो निर्णय लेगी, उस निर्णय की तामिल हो जाएगी। मैं आज आप सबको कहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री पद के बारे में जो निर्णय लेंगे और भाजपा का जो उम्मीदवार होगा, उसको शिवसेना का पूरा समर्थन होगा। महाराष्ट्र में एनडीए की बड़ी जीत के बाद नागपुर में देवेंद्र फडणवीस को अगला सीएम बनाए जाने के पोस्टर लगे थे। वहीं इससे पहले बारामती में कुछ पोस्टर्स में प्रदेश के अगले सीएम के तौर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष अजित पवार को दिखाया गया था। वहीं शिवसेना के नेता और कार्यकर्ता एकनाथ शिंदे को दोबारा मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में महायुति में सीएम पद को लेकर अभी भी सस्पेंस बरकरार है।

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता लगातार सातवें दिन भी खराब, 346 एक्यूआई दर्ज

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की वायु गुणवत्ता सुधरने का नाम नहीं ले रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता रविवार को लगातार सातवें दिन भी बहुत खराब श्रेणी में रही है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 346 दर्ज किया गया है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम के अनुसार, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के अगले तीन दिनों में उच्च प्रदूषण स्तर को बनाए रखने की उम्मीद है। शहर के निगरानी स्टेशनों में से शादीपुर में सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई है। यहां का एक्यूआई 400 से अधिक दर्ज किया गया है, जो गंभीर श्रेणी में आता है। इसके अलावा रोहिणी में रविवार सुबह सबसे अधिक 340 एक्यूआई दर्ज किया है। भलस्वा लैंडफिल में 336, द्वारका में 334 और अलीपुर में



332 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके साथ ही नजफगढ़ में सबसे कम 292 एक्यूआई दर्ज किया गया, जो अभी भी खराब श्रेणी में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 301 से 400 के बीच के एक्यूआई स्तर को बहुत खराब और 400 से ऊपर के एक्यूआई को 'गंभीर' माना है, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा खतरा है। दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 4 बजे 346 पर पहुंच गया, जो शुक्रवार के 331 की तुलना में थोड़ा खराब है।इस बीच, प्रदूषण के खतरनाक स्तर से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि स्कूलों को छोड़कर सभी ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ग्रैप-4 उपाय 2 दिसंबर तक प्रभावी रहेंगे।

## 07 नक्सली मारे गए, मुलुगु जिले के एतुरु नगरम में मुठभेड़

एजेंसी

वारंगल। तेलंगाना के मुलुगु जिले के एतुरु नगरम के चलपाका वनक्षेत्र में सुबह सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में 7 नक्सली मारे गए हैं। दावा किया जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों में संगठन का शीर्ष कमांडर भद्रू अलियास पपन्ना भी शामिल है लेकिन अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक आज सुबह मुलुगु जिले के एतुरु नगरम के चलपाका वन क्षेत्र में मुठभेड़ हुई जिसमें सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच घंटों गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में 7 नक्सली मारे गए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार तेलंगाना ग्राउंड और माओवादी विरोधी दस्ते ने मिलकर



यह ऑपरेशन चलाया है। मृतकों की पहचान कुरुसम मंगू उर्फ भद्रू उर्फ पपन्ना (35), एगोलापु मल्लया उर्फ मधु (43), मुसाकी देवल उर्फ ??करुणाकर (22), मुसाकी जमुना (23), जयसिंह (25), किशोर (22) और कामेश (23) के रूप में हुई। पुलिस मुठभेड़ में कितने नक्सली मारे गए इसकी आधिकारिक पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार मरने वालों में शीर्ष नक्सली कमांडर भी शामिल है। कहा जाता है कि इलांडु नरसंपेट एरिया कमेटी सचिव भद्रू अलियास पपन्ना और उसके साथी मुठभेड़ में मारे गए हैं।

## प्रधानमंत्री ने बीएसएफ स्थापना दिवस पर दी शुभकामना- साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) स्थापना दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सतर्कता और साहस हमारे राष्ट्र की सुरक्षा और संरक्षा में योगदान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर साझा किए गए पोस्ट में लिखा, सीमा सुरक्षा बल को उनके स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं! बीएसएफ रक्षा की महत्वपूर्ण पंक्ति के रूप में खड़ा है, जो साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक है।

## नहीं होने देंगे किसी के भी साथ अन्याय : सीएम

एजेंसी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। सीएम योगी ने लोगों की समस्या सुनने के बाद कहा कि वह किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देंगे। हर पीड़ित की समस्या का निराकरण किया जाएगा, सबको न्याय मिलेगा। इस बारे में सीएम योगी आदित्यनाथ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी की समस्या का शीघ्रता से गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। दरअसल, रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के लिए दरबार लगाया गया। इस दौरान महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने बैठे लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने



मुलाकात की और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 300 लोगों से मुलाकात की। लोगों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए तत्पर और प्रतिबद्ध है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाएं और उनकी समस्याओं का समाधान कर उसे संतुष्ट करें। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जमीनी विवाद की शिकायतों पर सीएम योगी ने कहा कि अगर विवाद पारिवारिक हो तो संबंधित पक्षों के बीच वार्ता कराई जाए और बात न बनने पर विधिक कार्रवाई की जाए। यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।






## हत्या के मामले में तीन महिला सहित 6 गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना नेबुआ नौरंगिया पुलिस द्वारा 6 अभियुक्तगण सरल कुशवाहा पुत्र रामदुलारे कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा पुत्र सरल कुशवाहा, 3. ओमकार कुशवाहा पुत्र रामभवन कुशवाहा उर्फ भवन साकिन मठिया आलम लाला टोला थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर व अन्य 3 महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बेटे को मिली प्यार की मंजिल, मां को मिली गांव की दुत्कार

**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर!** स्योहारा प्रेमी युगल की प्रेम कहानी के सुखद अंत के बीच प्रेमी युवक की बूढ़ी मां व बहन भाई पर पंचायत में शामिल पंचों के फरमान का पहाड़ टूट पड़ा। बेरहम पंचायत ने 80 वर्षीय बूढ़ी और बेबस मां का गांव से बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया। गांव के किसी भी आयोजन में न्योता देने के साथ ही किसी के खेत में घुसने तक पर पाबंदी लगा दी। मानवीय मूल्यों संग मानवाधिकारों को शर्मशार करते पंचायत के इस फरमान के बाद से पीड़िता का रो-रोकर बुरा हाल बना है। वहीं पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी तहरीर मिलने पर जांच व कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। मामला क्षेत्र के एक गांव का है। जहां एक युवक की करतूत की सजा ग्रामीणों ने उसकी माँ व बहन को सुनाई। एक गांव में एक दलित युवती अपने लग्न रिश्ते से तीन दिन पूर्व घर के सामने ही रहने वाले सजातीय युवक के साथ फरार हो गयी थी। पुलिस ने युवक युवती को बरामद कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय ने दोनों को बालिग मानते हुये साथ रहने की इजाजत दे दी। शुक्रवार को गांव में एक पंचायत का आयोजन हुआ जिसमें पूरा गांव शामिल था। पंचायत ने इस दौरान युवक की बूढ़ी माँ को खूब खरी खोटी सुनाते हुये जमकर बुरी भली कही। इसके बाद ग्राम प्रधान जैसे गणमान्य लोगों के बीच गांव की पंचायत ने अपना फैसला सुनाया जिसमें युवक की माँ व बहन को गांव के किसी भी कार्यक्रम में न्योता न देने व किसी के भी खेत में घुसने पर रोक लगा दी गयी। इस तुगलकी फरमान पर पूरे गांव ने अपनी सहमति की मुहर लगा दी। बूढ़ी माँ अपनी डबडबाई आँखों से पूरा मंजर देखती रही।
सोनू कुमार, ग्राम प्रधान ने बताया एक ही गांव में रहने वाले पड़ोसी युवक युवती का फरार होने पूरे गांव के बदनामी की बात है। गांव में पंचायत हुई थी जिसमें कुछ सख्त फैसले लेने का विचार बनाया गया था ताकि भविष्य में कोई ऐसी पुनरावृति न कर सकें। लेकिन बाद में परिवार के वहिष्कार का मामला मेरे संज्ञान में नहीं है।
एसडीएम धामपुर रितु रानी ने बताया ऐसे किसी भी मामले की जानकारी नहीं है। अगर कोई शिकायत आती है तो जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

## आपरेशन मजन के तहत समस्त थानों द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज- 05 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा *आपरेशन मजनू* के तहत महिला स्कूल/कालेजों के आस-पास तथा वल्नरेबल स्पॉट्स अवांछनीय तत्वों के सम्बन्ध में विशेष अभियान चलाकर बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया।

## महिलाएं आत्म सुरक्षा के लिए हो जागरूक, करें शिकायत



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित मिशन शक्ति पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930- साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया । इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहो, पार्को एवं भीड-भाड वाले स्थानो के आस-पास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया ।

# पुलिस का प्रयास हर महिलाएं बच्चे हो जागरूक

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया

इस क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा मंझनपुर प्रदर्शनी में, थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा ग्राम जोगापुर में, महिला थाना पुलिस टीम द्वारा चौराहा मंझनपुर/जिला अस्पताल/ओसा में, थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस टीम द्वारा ग्राम बाले का पुरवा में, थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा ग्राम मखऊपुर में, थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा शीतलाधाम मन्दिर में, थाना करारी पुलिस टीम द्वारा ग्राम हौलीपुर व गुलामनुर का पूरा में, थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा ग्राम कोखराज स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में, थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा ग्राम महेवा, घोघपुरवा में, थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा ग्राम काजीपुर में जाकर/क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए/चौपाल लगाकर / कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/महिलाओं*



को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे (1) 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा* आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी

# अनुराग, उज्जवल, अंश, शिवकुमार, खुशबू, विकास ने मारी बाजी

### प्रतियोगिता का शुभारंभ सांसद उज्जवल रमण सिंह व केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुशील सिन्हा ने किया । प्रिंसिपल एकादश ने जीता मैच, मैन ऑफ द मैच सत्याशील रहे

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** कायस्थ पाठशाला प्रयागराज की ओर से अंतर विद्यालय एवं महाविद्यालय संयुक्त क्रीडा प्रतियोगिता तथा प्रेसिडेंट इलेवन एवं प्रिंसिपल 11 के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन आज किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि इलाहाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सांसद उज्जवल रमण सिंह थे जबकि अध्यक्षता कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार सिन्हा ने केपी ट्रस्ट के संस्थापक मुंशी काली प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं मार्च पास्ट की सलामी लेकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहां कि यहां पर नर्सरी से लेकर महाविद्यालय तक के बच्चे खेल में शामिल हैं यह कायस्थ पाठशाला की पहचान बनेंगे और जहां भी जरूरत होगी कायस्थ पाठशाला के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा। उन्होंने केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार सिन्हा की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अवसर बहुत दिनों के बाद देखने को मिल रहा है।

विशिष्ट अतिथि डॉ रितु सिन्हा ,अर्जुन अवार्ड विजेता अभिन्न श्याम गुप्ता, मौजूद थे। केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार सिन्हा



ने कहा कि मेरा लक्ष्य है कि हर विद्यार्थी को कक्षा मंच और मैदान मिले जिससे उनकी छुपी प्रतिभा बाहर आए और शिक्षक पहचान कर उनको उचित अवसर प्रदान करें। अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार सिन्हा ने सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र, मेडल, एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उद्घाटन अवसर पर गोपी कृष्ण श्रीवास्तव, सुधांशु श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव ,अंकित राज, डॉ केतन श्रीवास्तव, प्रोफेसर ऋतुराज, गौरव श्रीवास्तव ,योगेंद्र श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव ,अखिलेश श्रीवास्तव ,आनंद श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद थे स्वागत उद्बोधन डॉ गीतांजलि मौर्य ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ योगेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता का संचालन उमेश खरे, बृजेश खरे और डॉ पवन पचौरी ने किया।

प्रतियोगिता के मिनी वर्ग कक्षा 1 से 5 ,लेमन स्पून रेस ,में विजेता रहे अनुराग कश्यप, कक्षा उज्जवल यादव कक्षा 4 एवं वैभव केपी कॉन्वेंट बालिका वर्ग स्पून रेस में दिव्यांशी अमन अदिति कप नर्सरी जूनियर हाई स्कूल की विजेता रही। 50 मी अंश कनौजिया प्रथम कार्तिक द्वितीय अंश पांडे तृतीया केपी कॉन्वेंट, 50 मी बालिका नूरी प्रथम जन्म सभी द्वितीय शिफा तृतीया 100 मी अंश कनौजिया केपी नर्सरी से प्रथम लक्ष्य कप नर्सरी से द्वितीय मोहम्मद असद कप कॉन्वेंट से तृतीय स्थान प्राप्त किया।
जूनियर वर्ग बालक
1500 मी शिवकुमार गुप्ता प्रथम, विशाल कुमार द्वितीय और विनय पटेल तृतीय केपी कॉलेज थे ।
400 मी प्रकाश प्रथम विनय पटेल द्वितीय और किशन कुमार तृतीय
800 मी शिवकुमार गुप्ता प्रथम हिमांशु यादव , उत्सव सिंह, 100 मी कृष्णा प्रथम आदित्य शर्मा , उत्सव तृतीय थे।सीनियर वर्ग स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र 100 मी बालिका खुशबू सरोज कुलभास्कर पीजी कॉलेज प्रथम श्वेता सिंह सीएमपी, द्वितीय श्रेया गुप्ता सीएमपी और तृतीया 100 मी विकास कुमार विकास प्रकाश सरोज क्रमशः सीएमपी डिग्री कॉलेज 200 मी बालिका खुशबू सरोज कुलभास्कर पीजी प्रथम आरती कुमारी सीएमपी द्वितीय दीक्षा यादव तृतीय, 800 मी सुमित सीएमपी प्रथम मोहम्मद मुशर्रफ ड्यूटी अनूप कुमार थे। कुलभास्कर पीजी कॉलेज
प्रेसिडेंट 11 एवं प्रिंसिपल 11 के हुए क्रिकेट मैच में प्रिंसिपल 11 ने प्रेसिडेंट इलेवन के दिए गए 126 रन का पीछा करते हुए चार गेंद और चार विकेट शेष रहते हुए इस क्रिकेट प्रतियोगिता को प्रिंसिपल 11 ने जीत लिया। मैन ऑफ द मैच सत्याशील सहाय , वेस्ट बैट्समैन डॉ राजकुमार सीएमपी डिग्री कॉलेज एवं बेस्ट बॉलर विपिन कुलभास्कर पीजी कॉलेज थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में , राकेश कुमार,सनी पांडे, नितिन राशीद ,अहमद, सिमरन आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## 1250 ग्राम गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में रविवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अभियुक्त अकरम उर्फ मुन्ना पुत्र असलम निवासी मियां साहब की तकिया घोसियाना थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर को 01 किलो 250 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया ।

## फूलपुर पुलिस ने कस्बे में महिलाओं को किया जागरूक



**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** थाना फूलपुर की महिला पुलिस उप निरीक्षक शिवानगी एवं कांस्टेबल प्रियंका ने थाना प्रभारी फूलपुर प्रवीण कुमार गौतम के निर्देश पर रविवार को नगर पंचायत फूलपुर के कई मोहल्लों नेहरू बाजार , अंजही ,दुनियागंज ,फरीदाबाद ,शेषपुर आदि मोहल्लों में घर-घर जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों कर्तव्यों के प्रति प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिला सुक्षा अभियान की उन्हें जानकारी दिए तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। जिसमें सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धा विधवा दिव्यांग पेंशन, सामूहिक विवाह योजना, आयुष्मान योजना, हेल्पलाइन 1090, वूमेन पावर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1076 एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आदि की विस्तृत जानकारी दी। महिला पुलिस टीम ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार ने महिलाओं को हेल्पलाइन के माध्यम से बहुत बड़ा हथियार दिया है। अब आप अपने को ना असुरक्षित महसूस करिए और ना ही मजबूर बन कर किसी भी परिस्थित में कष्ट को सहन करिए ।

## गाजीपुर पुलिस द्वारा वारण्टी को किया गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना गाजीपुर पुलिस द्वारा वारण्टी मनीष पुत्र रामजीत निवासी ग्राम सेवरामऊ थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

# बच्चों की प्रस्तुति पर झूम उठे लोग

### केजी के नन्हे मुन्ने बच्चों ने वार्षिकोत्सव में दिखाई प्रतिभा। मुख्य अतिथि डा ऋतु जैन, डॉ अर्पित बंसल ने किया प्रोत्साहित

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** पतंजलि नर्सरी स्कूल में रविवार को कक्षा केजी के बच्चों ने अपना वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया मनाया । मुख्य अतिथि डॉ ऋतु जैन तथा द्वितीय भाग के डॉ अर्पित बंसल थे। कार्यक्रम की थीम कलर्स ऑफ लाइफ थी । रंग हमारे जीवन में सजीवता तथा सुंदरता लाते हैं, इस बात को नन्हे बच्चों ने अपने नृत्य , गायन तथा नाटक से चरितार्थ किया । प्रधानाध्यापिका विभा श्रीवास्तव ने विद्यालय की अध्यक्ष प्रो कृष्णा गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, निदेशक रेखा बैद गुप्ता, यशोवर्धन गुप्ता तथा अतिथियों तथा अभिभावकों का स्वागत किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति वंदना से हुआ जिसमें पीले तथा नारंगी रंग के वस्त्रों से सुसज्जित बच्चों ने भगवान गणेश जी का आवाह्न करके कार्यक्रम के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। बाल कलाकारों ने अभिनंदन गीत से



उपस्थित जनों का स्वागत किया। कुशल गायन से बच्चों ने खूब तालियां बटोरी ।
रेनबो फिश नाटक था जिसने जीवन में प्रेम तथा मित्रता के महत्व को दशार्या । रंगोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने विविध गीतों पर नृत्य कला का मनमोहक प्रदर्शन किया । प्रयागराज हमारी पहचान इस प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने गंगा, यमुना तथा सरस्वती के अदभुत मिलन को नृत्यमय नाट्य रूप में प्रस्तुत किया ।

अंत में दर्शकों के प्रति कृतज्ञता का भाव दशार्ने के लिए बच्चों ने ग्रेटफुल हार्टस नामक नृत्य किया जिसे सभी की वाहवाही मिली। विद्यालय अध्यक्ष डॉ कृष्णा गुप्ता ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी अभिभावकों से कहा कि बच्चे भगवान की अमूल्य देन है। हमें उनका प्रेम और समझदारी से पालन पोषण करना चाहिए और सभी अभिभावकों को बच्चों के स्वतंत्रता के अधिकार के बारे में पता होना चाहिए । विद्यालय की निदेशक रेखा बैद गुप्ता ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि बच्चे ही हमारे जीवन के वास्तविक रंग हैं । हमें अपने बच्चों के लिए स्वयं को भी शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का प्रयास करना चाहिए । उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय हमेशा नवीनता की दिशा में प्रयास करता है । मुख्य अतिथि डॉ ऋतु जैन ने स्वास्थ्यवर्धक तथा पोषक भोजन के विषय मेंजानकारी दी। डॉ अर्पित बंसल ने कहा कि प्रकृति से गहरा जुड़ाव होना महत्वपूर्ण है ।उन्होंने आगे कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतर अभ्यास अत्यंत आवश्यक है । संचालन शिल्पा निघोसकर तथा ऋचा यादव ने किया। अंत में वंदना अग्रवाल ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हत्याकांड में फरार 4 आरोपियों के घर पर कुर्की: बिजनौर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर की कार्रवाई



**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर!** नहटौर क्षेत्र में 6 महीने पहले हुए दिलशाद हत्याकांड के फरार चल रहे चार आरोपियों के घर पुलिस ने कोर्ट में आदेश पर कुर्की की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर में मौजूद सभी सामान अपने कब्जे में लेकर कुर्क किया। नहटौर थाना क्षेत्र में जहां छह जून की रात को परिवार में हुए विवाद के चलते मोहल्ला ईदगाह के रहने वाले दिलशाद पुत्र शमीम की उसके चचेरे भाईयों ने लाठी डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। मृतक के भाई शादाब की तहरीर पर पुलिस ने मुकीम, शाहवाज, असद, अनस, मुस्तकीम, उजैफ, सन्नो सहित 12 लोगों के के खिलाफ केस दर्ज किया था।पुलिस ने वसीम, शाहबाज, शन्नों, मुकीम व असद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कुछ दिन पहले फरार आरोपियों के घर कुर्की का नोटिस चस्पा कर दिया था। लेकिन इसके बावजूद भी आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हुए थे।जिसके चलते वांछित आरोपी उजैफ, अमन, अनस पुत्रगण वसीम निवासी मौहल्ला तकिया गढ़ी पश्चिमी और तालिब पुत्र अकील निवासी मोहल्ला शेखान के मकानों पर पहुंचकर कुर्की की कार्रवाई की गई। पुलिस ने घर में रखा सभी सामान कब्जे में ले लिया।
नहटौर कोतवाल धीरज सोलंकी ने बताया कि आरोपियों ने अभी भी आत्मसमर्पण नहीं किया है। जिसके चलते कुर्की की कार्रवाई की गई है।

# शांति भंग के दृष्टिगत 7 लोगों का किया गया चलान

**सबसे तेज प्रयागराज**

**हंडिया।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हण्डिया बृजकिशोर गौतम के निर्देशन मे थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा रविवार को शान्ति कानून व्यवस्था भंग करने के दृष्टिगत 07 व्यक्तिओ मो० आदिल पुत्र मकसूद निवासी वार्ड नंबर 10



कस्बा. गोविन्दा पुत्र स्व० जगन्नाथ निवासी ग्राम समहा. अजीज अहमद पुत्र स्व० इसराइल निवासी ग्राम नाहरपुर. राम कैलाश यादव पुत्र



फौजदार निवासी ग्राम बिरापुर धोबहा, विमलेश पुत्र राम कैलाश निवासी ग्राम बिरापुर धोबहा, ओम प्रकाश पुत्र शिवलाल निवासी ग्राम बिरापुर धोबहा,फूल कुमार पुत्र छोटे लाल निवासी ग्राम शरीफपुर थाना हंडिया प्रयागराज।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीमः**
प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम थाना हण्डिया. उ0नि0 एस०एम० कासिम, उ0नि० आज्ञाराम वर्मा. उ0नि0 मणिभूषण शुक्ला. उ0नि0 आशीष कुमार यादव, उ0नि0 अमित कुमार, उ0नि0 चन्दन यादव थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

## अपहरण में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उ०नि० रणविजय सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा अपहरण में वांछित अभियुक्त नितिन पाल पुत्र ज्ञान सिंह उर्फ लालमन पाल नि० बंधवा रजभर थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को छोगरियन का पुरवा मोड़ समदा के पास से गिरफ्तार किया गया।

# महाकुम्भ मेला की तैयारियों एवं यातायात सहित अन्य व्यवस्था करने के सम्बन्ध में की गई समीक्षा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** महाकुम्भ-2025 के सकुशल एवं सुरक्षित आयोजन के दृष्टिगत रविवार को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर, पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा व पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रेम गौतम, प्रयागराज द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स के त्रिवेणी सभागार में महाकुम्भ मेला की तैयारियों एवं यातायात सहित अन्य व्यवस्था करने के सम्बन्ध में निम्नलिखित एजेण्डा बिन्दुओं पर समीक्षा गोष्ठी की गयी ।



-महाकुम्भ मेला में श्रद्धालुओं/तीर्थयात्रियों/कल्पवासियों के सुगम आवागमन व अन्य सुविधाओं हेतु सुदृढ़ पुलिस प्रबंध प्लान पर विस्तृत परिचर्चा की गयी जिसमें मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं/ स्नार्थियों/ कल्पवासियों की आवश्यकताओं व सुरक्षा पर गहन मंथन किया गया ।

-महाकुम्भ मेला के दौरान सम्पूर्ण जनपद में यातायात मूवमेंट प्लान एवं श्रद्धालुओं हेतु ट्रैफिक मूवमेंट प्लान, प्रमुख स्नानों पर विशेष ट्रैफिक मूवमेंट प्लान पर विचार विमर्श किया गया, उक्त विचार विमर्श में जनपद के ट्रैफिक रूट मैप का अध्ययन कर वृहद विश्लेषण किया गया ।

-श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों व मेला क्षेत्र में निवास करने वाले अखाड़ो/कल्पवासियों को उच्च कोटि की सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने के उद्देश्य से अभेद्य 7-लेयर सिक्योरिटी मेकेनिज्म, एआई आधारित कैमरों द्वारा मानीटरिंग आदि पर चर्चा हुयी, सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही इस बात पर भी बल दिया गयी सुरक्षा में लगे अधिकारियों/ कर्मचारियों का व्यवहार श्रद्धालुओं के साथ अति विनम्र/मधुर रहे ।

-महाकुम्भ मेला के दौरान देश-विदेश के विभिन्न स्थानों से आने वाले श्रद्धालुओं हेतु रेलवे स्टेशन पर आन्तरिक व वाह्य मूवमेंट प्लान को प्रमुखता से विश्लेषित करते हुये श्रद्धालुओं हेतु सुरक्षा प्लान पर चर्चा की गयी ।

-गोष्ठी के दौरान महाकुम्भ मेला में आकस्मिक घटना/स्थिति बन जाने पर उसके तत्काल निराकरण हेतु आकस्मिक स्थित योजना (Contingency Plan) का प्रस्तुतीकरण कर इसकी वृहद समीक्षा हुयी ।

-महाकुम्भ मेला में घाटो पर स्नानार्थियों की सुरक्षा व रूटमैप अतिमहत्वपूर्ण है तथा इसके दृष्टिगत पिछले कई वर्षों के माघ मेला के अनुभव को साझा करते हुये उनके सुरक्षा व आवागमन मार्ग हेतु कार्ययोजना पर परिचर्चा की गयी ।

-महाकुम्भ मेला-2025 को डिजिटल कुम्भ बनाने के क्रम में AI (Artificial Intelligence) का सदुपयोग, साइबर फ्रॉड प्रिवेन्शन एवं सिक्योरिटी प्रशिक्षण एवं तकनीकी आयामों के प्रयोग से श्रद्धालुओं को महाकुंभ मेला और अधिक सुगम व सुरक्षित बनाने पर बल दिया गया ।

-मेला क्षेत्र में आगजनी जैसी अप्रिय घटना होने पर त्वरित प्रतिक्रियायुक्त अग्निशमन कार्ययोजना को बारे में विचार-विमर्श हुआ ।

-मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं/स्नानार्थियो एवं कल्पवासियों हेतु बेतार संचार तकनीक को सुगम बनाने के क्रम में एक महत्वपूर्ण संचार योजना का प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसमें जनपद व मेला क्षेत्र में टावरों व योजना से जुड़ सहवर्ती उपकरणों की तकनीकी क्षमता व संख्या बढ़ाने पर बल दिया गया ।

-गोष्ठी में महाकुंभ मेले के दौरान आपदा/आपातकाल की स्थिति के शीघ्रातिशीघ्र सफल निराकरण हेतु एक प्रभावी योजना बनाये जाने पर विश्लेषण किया गया ।

उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस आयुक्त प्रयागराज एन कोलांची, प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक पीएसी जोन डॉ राजीव नारायण मिश्रा,पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला राजेश द्विवेदी, पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती/यमुनानगर विवेक चंद/ डीसीपी यातायात नीरज पांडेय, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात व समस्त सहायक पुलिस आयुक्त, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारी कमिश्नरेट प्रयागराज/कुम्भ मेला एवं जीआरपी प्रयागराज तथा अन्य पुलिस/प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे।

# महाकुंभ मेला की तैयारियों को लेकर पुलिस अफसरों ने किया निरीक्षण

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ-2025 के सकुशल एवं सुरक्षित आयोजन के लिए रविवार को पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा, पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र द्वारा प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण, यातायात एवं मूवमेंट की सुदृढ़ व्यवस्थित कार्ययोजना किए जाने हेतु विभिन्न रेलवे स्टेशनों का वाह्य मूवमेंट प्लान तैयार किए जाने के दृष्टिगत रेलवे स्टेशनों का भ्रमण किया गया। प्रमुखता से निम्न बिन्दुओं पर ध्यान आकृष्ट किया गया। श्रद्धालु तीर्थयात्रियों के सुगम आवागमन हेतु प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज संगम, प्रयाग स्टेशन, सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन व खुशरोबाग का निरीक्षण किया गया। रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं के मूवमेंट प्लान पर चर्चा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान महाकुंभ के दृष्टिगत चल रही तैयारियों की समीक्षा भी की गई। होल्डिंग एरिया, पार्किंग व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, स्टेशन को आने एवं जाने वाले मार्गों का निरीक्षण कर व्यवस्था को और अधिक बेहतर किए जाने हेतु कार्ययोजना पर चर्चा की गई। निरीक्षण में अपर पुलिस आयुक्त, प्रयागराज, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे, मेलाधिकारी, जिलाधिकारी रविन्द्र मादडं प्रयागराज, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला राजेश द्विवेदी, पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती, यातायात, पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात व अन्य पुलिस/प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे।





# इफको फूलपुर कालोनी में चोरों का हौसला बुलंद

## एक माह में दो बार कालोनी को बनाया निशाना। इफको में एक वर्ष में दो बार हुई लाखों की चोरी से दहशत

**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**


**फूलपुर।** इफको की घिया नगर कॉलोनी में प्रवेश करने के पहले दो सुरक्षा द्वार और उसके पहले इफको चौकी की पुलिस का पहरा फिर भी इतनी सुरक्षा चक्र को तोड़कर चोर कॉलोनी में घुसकर लाखों की चोरी करने में कामयाब हो जाते हैं । इससे समझा जा सकता है कि चोरों का हौसला कितना बुलंद है और सुरक्षा व्यवस्था कितनी लचर।

कॉलोनी के अधिकांश कमरे तथा मुख्य द्वार पर सीसी कैमरे से लैस है और उनमें चोरों की फोटो भी कैद होती है इसके बावजूद ना तो पुलिस आज तक चोरी का पदार्फाश कर पाई नहीं चोर पकड़े गए।जिससे कॉलोनी में दहशत का माहौल है।

एक माह पूर्व 23 अक्टूबर को गोदावरी सेक्टर में लगभग आधा दर्जन घरों को अज्ञात चोरों ने खंगाला लेकिन घर के अंदर अधिकरीने सो रहे थे जिससे अन्दर तो घुस कर खंगाले लेकिन इसके बवजूद उन्हें। डर नहीं लगा और वह स्नातक अभियंताओं के हॉस्टल में पहुंच गए जहां सुरक्षा गार्ड जग रहा था उसने टोका टाकी की तो चोरों ने उसे भयभीत करने का प्रयास किया लेकिन उसने हिम्मत दिखाई और गार्ड रूम में जाकर दरवाजा बंद करके चिल्लाया जिससे प्रशिक्षु स्नातक अभियंता जग गए और कदम ताल करते हुए निकल गए अधिकारियों की कुछ खबर हुई और स्वयं उप महाप्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन सहित कुछ लोगों के साथ पहुंचे और सुरक्षा गार्ड तथा पुलिस को रात में कई जगह खोजा गया इसके बावजूद वह गायब हो गए ठीक 1 महीना बाद तीन चोरों का गिरोह प्रताप कॉलोनी के मुख्य द्वार के समीप प्रताप सेक्टर में घुस गए और डॉक्टर आकांक्षा सहा य तिलकत के मकान में घुसने का प्रयास किया आईसीसी कमरे में घुसने का प्रयास किया किंतु अंदर से बंद था इसलिए वह लोग उनके घरों से वापस लौट गए लेकिन बगल में ही विवेक यादव के भी 40 नंबर तथा आशुतोष चौबे के कमरे में घुसने में सफल हो गए क्योंकि यह दोनों लोग बाहर अवकाश पर गए थे पूरे कमरे को खगाला सारे संदूको में तोड़फोड़ करके अनेक सामानों को क्षतग्रस्त किया सामान कितना ले गए यह तो अब उनके आने के बाद ही पता चल पाएगा विवेक यादव के थार गड़ी की चाबी को ले गए और वह गाड़ी उड़ा ले जाना चाहते थे चाबी भी लगे लेकिन वह उनके पैर से कहीं दब गई जिससे उसमें अलार्म बजने लगा और वह छोड़ कर भागने में कामयाब हो गए रात में ही 2:00 बजे जनसंपर्क अधिकारी स्वयंपकाश को पुलिस चौकी को सूचना देनी पड़ी रात में ही चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंच कर खोजबीन शुरू कर दिया। रविवार को दिनभर पुरी कॉलोनी में चक्कर लगाकर सीसी कैमरे में कैद स्पष्ट चेहरा तीनों चोरों का दिखाई पड़ रहा है इसके बावजूद तीनों चोरों को अभी भी खोज करने में पुलिस जुटी है। सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर पंकज लवानिया तथा प्रभारी निरीक्षक फूलपुर प्रवीण कुमार गौतम भी मौके पर पहुंचे और काफी खोजबीन किए इसके बावजूद कैमरे में स्पष्ट चेहरा आने के बावजूद अभी तक उनके बारे में कुछ पता नहीं चला । मौके पर सहायक पुलिस अधीक्षक ने कॉलोनी वालों को आश्वासन जरूर दिया की जल्द ही चोरों को अंदर कर इसका पदार्फाश करके रहूंगा ।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष एक अधिकारी झूलन यादव के घर से 20 लाख की चोरी हुई थी जिससे कॉलोनी में बहुत ही आक्रोश था झूलन यादव और कर्मचारी संघ ने काफी उच्च अधिकारियों के यहां लिखा पड़ी भी की इसके बावजूद उस चोरी का आज तक पता नहीं चला। उल्टे जब वह मुख्यमंत्री के आगमन पर यहां उनसे मिलकर बताना चाह रहे थे तो यहां की पुलिस और प्रशासन ने उनको उनके कमरे में ही नजर बंद कर दिया। ठीक 1 वर्ष बाद चोरी की दो-दो बारदातें होने से कॉलोनी में दहशत का माहौल है।




**फूलपुर :** दो वर्ष पूर्व वर्तमान वरिष्ठ महाप्रबंधक संजय वैश्य के यहां से भी लाखों की चोरी हुई थी जब वे अपने लड़की की शादी करने इलाहाबाद के होटल में चले गए थे । जिससे चोरों का हौसला बुलंद हो गया।

**फूलपुर।** घटना से इफको प्रशासन ने चोरी तो खुलवाने में सफलता नहीं प्राप्त कर पाई लेकिन यहां का तत्कालीन सुरक्षा अधिकारी को इस्तीफा देकर जाना पड़ा लेकिन उनके स्थान पर आए नए सुरक्षा अधिकारी भी कॉलोनी की सुरक्षा करने में अभी तक ना काम साबित हो रहे हैं। जिससे कर्मचारी संघ अधिकारी संघ तथा कॉलोनी की महिलाओं में व्यापक असंतोष है ।और पुलिस तथा सुरक्षा व्यवस्था के प्रति गुस्सा।

# पुलिस महकमें बड़े फेरबदल दो इंस्पेक्टर लाइन हाजिर तो दो उपनिरीक्षक बने थानाध्यक्ष

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** जनपद में दिनों दिन बिगड़ती कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने के उद्देश्य से एक बार फिर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग में बड़े फेरबदल किए हैं पांच इंस्पेक्टर और 14 उपनिरीक्षक के कार्य क्षेत्र में एसपी ने परिवर्तन कर कानून व्यवस्था को सुधारने का प्रयास किया है बढ़ते अपराध के बाद कई इंस्पेक्टर के हाथों से थाने की कमान छीन ली गई है तो कई उपनिरीक्षक को थाने का प्रभारी बना दिया गया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक महेवाघाट चंद्रभूषण मौर्य कोखराज थानेदार बनाए गए हैं कोखराज थानेदार दुर्गेश कुमार गुप्ता पुलिस लाइन भेजे गए हैं प्रभारी निरीक्षक संदीपन घाट बृजेश करवरिया को सैनी कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई है प्रभारी निरीक्षक सैनी जयचंद शर्मा को पुलिस लाइन भेज दिया गया है अतिरिक्त निरीक्षक राकेश कुमार को कोखराज थाना से हटाते हुए करारी थाने में अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया है उप निरीक्षक भानु प्रताप सिंह को सराय अकिल थाना से हटाते हुए महेवा घाट थानेदार बनाया गया और उप निरीक्षक बृजेंद्र सिंह को पुलिस चौकी मूरतगंज से हटाते हुए इन्हें इसी पुलिस चौकी क्षेत्र के थाना संदीपन घाट की बड़ी जिम्मेदारी दे दी गई है।

उपनिरीक्षक संतोष कुमार को पुलिस लाइन से वरिष्ठ उप निरीक्षक कोखराज, उप निरीक्षक प्रमेश कुमार को पुलिस चौकी चायल से हटाते हुए चौकी प्रभारी कादीपुर बनाया गया, उप निरीक्षक रणविजय सिंह को पुलिस चौकी कादीपुर से हटाते हुए थाना पश्चिम शरीरा भेजा गया है, उप निरीक्षक मिश्रीलाल चौधरी को हररायपुर पुलिस चौकी इंचार्ज से हटाते हुए उद्दिन बाजार पुलिस चौकी की जिम्मेदारी दी गई है उप निरीक्षक अनुराग सिंह को चौकी प्रभारी उद्दिन बाजार से हटाते हुए मूरतगंज पुलिस चौकी प्रभारी की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है उप निरीक्षक शिव शंकर पांडे को पुलिस लाइन से हररायपुर पुलिस चौकी इंचार्ज बनाया गया है उप निरीक्षक अजीत कुमार सिंह को मंझनपुर कोतवाली से हटाते हुए पुलिस चौकी इंचार्ज चायल की जिम्मेदारी दी गई है उप निरीक्षक अरविंद दुबे को पुलिस चौकी इंचार्ज दीवर कोतारी से हटाते हुए न्यायालय सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है उप निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव को महेवा घाट थाना से हटाते हुए पुलिस चौकी दीवार कोतारी की जिम्मेदारी दी गई है उप निरीक्षक अनिल कुमार को पश्चिम शरीरा थाने से हटाते हुए पुलिस चौकी इंचार्ज सिविल लाइन मंझनपुर बनाया गया है उप निरीक्षक अभिषेक यादव को पुलिस चौकी इंचार्ज सिविल लाइन से हटाते हुए संदीपन घाट थाना भेजा गया है और उप निरीक्षक जयंत गुप्ता को संदीपन घाट थाना से हटाते हुए मंझनपुर कोतवाली भेजने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# लोकनृत्यों की प्रस्तुति से झंकृत हुआ मुक्ताकाशी मंच, शोभा यात्रा के साथ 12 दिवसीय शिल्प मेले का आगाज

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिल्प मेले में पहले दिन रविवार को नृत्यों की इंद्रधनुषी छटा दर्शकों को रोमांचित कर गई। एक से बढ़कर एक नृत्य ने दर्शकों को तालियां बजाने को मजबूर कर दिया। भारतीय पारंपरिक नृत्य को कलाकारों ने शानदार तरीके से मंच पर प्रस्तुत किया। अलग-अलग भंगिमाएं, अलग तरह से पैरों की थिरकन, सबकुछ ऐसा था जो लंबे समय तक शहरवासियों के मन में बसा रहेगा। दर्शकों से भरा पंडाल और कलाकारों की दमदार प्रस्तुति ने खुशनुमा माहौल बना दिया। तालियों की गड़गड़ाहट कलाकारों का उत्साह बढ़ाती रही। 12 दिवसीय राष्ट्रीय शिल्प मेला का उद्घाटन विभिन्न राज्यों से आए कलाकार दलों के दलनायकों ने दीप जलाकर किया।

कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति ओडिसा से आए पवित्र महापात्रा एवं दल ने शंखवादन एवं चडैया नृत्य से किया। इसके बाद असम से आए नितुल चोटिया एवं दल ने बिहू नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन गायक भूपेंद्र शुक्ला ने 'जय गणपति वंदना, राम का नाम होठों पर आता रहे' 'अब सौंप दिया इस जीवन का सब भार तुम्हारे हाथों में' की प्रस्तुति देकर पंडाल को भक्तिमय कर दिया। ढोल, नगाड़ा और शहनाई की धुन पर झारखंड से आए सुबोध परमाणिक एवं दल ने पाईका व छाऊ नृत्य की प्रस्तुति दी। नदीम राईन एवं दल द्वारा बधाई व नौराता नृत्य पेश कर तालियां बटोरी।

इस अवसर पर केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। संचालन डॉ. आभा मधुर ने किया।

**शोभा यात्रा में कलाकारों ने जमाया रंग**

अलग-अलग भाषा, मुद्राएं, आकर्षक परिधान में गजब का नृत्य और काली स्वागं की प्रस्तुति को शहरवासी एकटक देखते रहे। शोभा यात्रा केंद्र परिसर से शुरू होकर एजी ऑफिस होते हुए सुभाष चौराहे पहुंची। वहां सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष नीरज जायसवाल तथा गायिका एवं महामंत्री स्वाति निरखी, क्षेत्रीय पार्षद पंकज जायसवाल एवं अन्य व्यापारियों ने कलाकारों का भव्य स्वागत किया।

# ऐतिहासिक स्थलों को देख जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चे हुए रोमांचित

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास में एक्सपोजर कार्यक्रम में 27 से 30 नवंबर तक विद्यालय के बच्चों को ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण और अवलोकन कराया गया। बच्चों ने आनंद भवन, स्वराज भवन और नक्षत्रशाला को देखकर रोमांचित हुए। एक्सपोजर कार्यक्रम भारत सरकार और नवोदय विद्यालय समिति की महत्वाकांक्षी परियोजना है। भ्रमण के माध्यम से ज्ञान अर्जन किया जाता है ।विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार मिश्र ने ज्ञान अर्जन को वास्तविक चुनौतियों से जोड़ने में पर्यटन के महत्त्व को बताया। वरिष्ठ शिक्षक डॉ डीके त्रिपाठी ने बच्चों को बताया कि पर्यटन सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ाने में सहायक है। डॉ अरविंद चौधरी ने बच्चों को बताया कि पर्यटन व्यक्तित्व की कमियों को दूर करते हुए उनका विकास करता है। चार दिवसों में विद्यालय के बच्चों ने उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका हरिश्चंद्र यादव, अरविंद जायसवाल, अभिषेक श्रीवास्तव, उमंग गोयल, दीपिका श्रीवास्तव, सीमा देवी, ज्योतिश्री विश्वकर्मा आदि की रही।

# नौवीं की छात्र की सिर कूच कर हत्या आशनाई का मामला आ रहा है सामने

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** उतरांव थाना क्षेत्र के सराय इस्माइल लाला का पूरा गांव में एक नौवी की छात्र की हत्या कर दी गई। वहीं घटनास्थल से कुछ दूर पर चप्पल फरसी व कीपैड मोबाइल पुलिस ने बरामद किया है। सूचना पर मौके पर एसीपी हंडिया,थानाध्यक्ष उतरांव, इंस्पेक्टर सराय ममरेज समेत भारी संख्या में पुलिस बल पहुंची। वहीं किशोर की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने रात में ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सराय इस्माइल लाला का पूरा थाना उतराव निवासी अश्वनी कुमार यादव जो सैदाबाद स्थित फिटर में मीटर रीडर के पद पर तैनात हैं।शनिवार को उनका बेटा शैलेश कुमार यादव उम्र 16 वर्ष गांव में 13वीं से शामिल होकर घर पर आया। उसके बाद वह कहीं चला गया। कुछ देर बाद जब घर नहीं लौटा तो परिजन खोजबीन शुरू किये। काफी खोजबीन के बाद लगभग 10:00 बजे के करीब घर से 200 मीटर दूरी पर तालाब के पास शैलेश कुमार का खून से लथपथ शव मिला। वही सिर में गंभीर चोटे थी। परिजनों ने फौरन इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर उतरांव पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं मौके पर फॉरेंसिक टीम डॉग स्क्वाड भी पहुंचकर जांच पड़ताल की व सैंपल लिए। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से कुछ दूर पर चप्पल की पैड मोबाइल वह एक फारसी जिसमें खून लगा हुआ था बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक शैलेश कुमार मोतिहां स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज का नौवी का छात्र था। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। शैलेश की मौत से माता अनीता देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूत्रों की माने तो मामला आशनाई से जुड़ा हुआ है। फिलहाल पुलिस पांच संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# 101 आर.ए.एफ. वाहिनी द्वारा अपना 35वाँ स्थापना दिवस मनाया गया

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फाफामऊ।** रविवार को आर ए एफ 101 द्वारा धूम धाम से अपना 35वां स्थापना दिवस मनाया गया इस अवसर पर मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट-101 ने शहीद स्मारक पर शहीद पुलिस कार्मिकों द्वारा देश के लिए दी गई कुर्बानियों को याद किया एवं उनको श्रद्धांजली अर्पित की और क्वार्टर गार्ड में गार्ड के समक्ष सलामी ली, तथा सभी कार्मिको एवं उनके परिवारजनों को वाहिनी के 35वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी साथ ही गार्ड व जवानों को मिठाई वितरित की। कमाण्डेन्ट मनोज कुमार गौतम ने वाहिनी के गौरवमयी इतिहास के बारे में बताया की इस वाहिनी ने कर्तव्य और समर्पण की सर्वोपरि मिसाल दी है, तत्पश्चात सभी कार्मिको से अपने कार्यों को पूर्ण दृढ़ता व ईमानदारी से करने पर बल दिया। स्थापना दिवस के अवसर पर वाहिनी में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कमांडेंट ने आगामी होने वाले महाकुम्भ मेले को पूर्ण शान्ति व्यवस्था के साथ सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी से अवगत कराया। संध्या के समय सांस्कृतिक कार्यकम एवं बड़ा खाना का भी आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर हरिओम सागर, द्वि.कमा.अधि., डॉ. अशोक कुमार, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, टी.एन. सिंह, उप. कमा. अन्य अधिकारी गण, अधीनस्थ अधिकारी गण, जवान व महिला कार्मिक उपस्थित रहे।

# समान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** गंगापार क्षेत्र के पं आर एस विद्या आश्रम मारूफपुर आनापुर में रविवार को क्षेत्र के 19 विद्यालयों के 250 छात्र-छात्राएं जो 6 वीं और 12 वीं के बीच समान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित कि गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रबंधक सत्यव्रत मिश्र गौरव ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों के मानसिक विकास और कंपटीशन की ओर ज्यादा रूचि बढ़ेगी। पारदर्शी मूल्यांकन के बाद 14 दिसंबर को शिक्षा क्षेत्र से जुड़े शिक्षाविद्, अधिकारी,समाजसेवियों के बीच परीक्षा का परिणाम घोषित कर प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरित किया जाएगा। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य रामेन्द्र शुक्ल ने दी।

# श्रद्धालुओं की टूरिस्ट वैन रोड रोलर से टकराई,दर्जन भर श्रद्धालु घायल

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** दिल्ली से कौशाम्बी भ्रमण पर आए बौद्ध श्रद्धालुओं की टूरिस्ट गाड़ी कोखराज थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर चल रहे रोड रोलर से टकरा गई,हादसे में दर्जन भर टूरिस्ट घायल हो गए,मौके पर पहुंचे लोगों और पुलिस ने सभी घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल में इलाज कराया और अपनी गाड़ी से गंतव्य स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था की।इस दौरान कोई भी श्रद्धालु गंभीर घायल नहीं हुआ।

जानकारी के मुताबिक टूरिस्ट बस से दिल्ली से चलकर बौद्ध श्रद्धालुओ का एक जत्था कौशाम्बी जिले के बौद्ध स्थलों के भ्रमण के लिए जा रहा था जैसे ही वह कोखराज थाना के पास पहुंचे उनकी टूरिस्ट वैन एक रोड रोलर से टकरा गई,टक्कर से टूरिस्ट वैन का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया,हादसे के बाद श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई,मौके पर पहुँचे स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

## कोकोनट मिल्क से क्रीम तक, सिर्फ एक इनग्रेडिएंट नारियल से बनाएं ये 5 चीजें



**नारियल न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होता है और इसे डेजर्ट से लेकर कई डिशेज में डाला जाता है, लेकिन क्या आपको पता है कि सिर्फ एक इनग्रेडिएंट नारियल से आप कितनी चीजें बना सकते हैं तो चलिए जान लेते हैं.**

नारियल एक ऐसा फल है जो किसी भी मौसम में खाया जा सकता है और नारियल पानी तो नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट होता है जो न सिर्फ शरीर को हाइड्रेट करता है, बल्कि ये कई एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होने की वजह से तुरंत एनर्जी देने का काम करता है. हेल्थ लाइन के मुताबिक 80 ग्राम यानी करीब एक कप फ्रेश नारियल में 283 कैलोरी होती हैं. इसके अलावा 3 ग्राम प्रोटीन, 10 ग्राम कार्ब्स, 27 ग्राम फैट, 5 ग्राम शुगर, 7 ग्राम फाइबर, डेली रूटीन की जरूरत का 60 प्रतिशत मैंगनीज, 5 प्रतिशत सेलेनियम, 44 प्रतिशत कॉपर, 13 प्रतिशत फास्फोरस, 6 प्रतिशत पोटेशियम, 11 प्रतिशत आयरन, 10 प्रतिशत जिंक जैसे पोषक तत्व होते हैं. इसके अलावा कोकोनट शरीर में विटामिन डी, ए, ई जैसे सॉल्युबल विटामिन के शरीर में ऑब्जर्व होने में मदद करता है.कई एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर नारियल दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होता है. इसके अलावा ये पाचन को दुरुस्त रखने, ब्लड शुगर को मेंटेन करने, इम्यूनिटी बढ़ाने और ब्रेन के लिए भी फायदेमंद रहता है. नारियल भले ही एक इनग्रेडिएंट है, लेकिन इसकी कई चीजें बनाई जा सकती हैं.

नारियल के क्रंची चिप्स

हेल्दी स्नैक्स की तलाश है तो ऑफ कोकोनट के क्रंची चिप्स बना सकते हैं. इसके लिए फ्रेश नारियल को पतले स्लाइस में काट लें और उसपर हल्का सा ऑलिव ऑयल स्प्रिंकलर करें. इसके बाद थोड़ा सा कॉर्नफ्लोर छिड़कें और हाथों से मिलाने के बाद कुछ देर हल्के टेम्परेचर पर अवन में रख दें. गोल्डन क्रिस्प होने पर निकाल लें और एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करके रखें.

कोकनट मिल्क

नारियल के खोल को हटाकर इसकी डार्क स्किन को निकाल दें और टुकड़ों में काट लें या कद्दूकस कर लें. अब इसमें थोड़ा सा पानी डालकर ग्राइंडर में महीन पीस लें. इस पेस्ट को मलमल के कपड़े में डालें और निचोड़ लें. इस तरह से आपका कोकोनट मिल्क तैयार हो जाएगा. आप इसे कई डिशेज में यूज करने के अलावा पी भी सकते हैं. वीगन लोगों के लिए ये मिल्क का अच्छा ऑप्शन है.

डेसिकेटेड नारियल

मिल्क निकालने के बाद बचे हुए नारियल के चूरे को कढ़ाही में डालकर हल्की आंच पर रोस्ट कर लें और जब इसकी नमी सूख जाए और ये ड्राई दिखने लगे तो तैयार हुए डेसिकेटेड कोकोनट को शीशे के जार में भरकर रख लें. इसे आप की डेजर्ट में यूज कर सकते हैं.

कोकोनट क्रीम

नारियल से कोकोनट क्रीम बनाई जा सकती है. इसके लिए आपको सिंपल प्रोसेस करना है. पहले कोकोनट मिल्क तैयार करना है और फिर इसे एक ढक्कन वाले बाउल में ट्रांसफर करके रेफ्रिजरेटर में रख दें. इसे जब आप कुछ घंटों के बाद बाहर निकालेंगे तो पानी नीचे बैठ जाएगा और क्रीम सतह पर जम जाएगी. इसे किसी कलछी की मदद से निकाल लें और बचा हुआ पानी आप पेड़ों में डाल सकते हैं.

नारियल का तेल

मार्केट में मिलने वाला नारियल का तेल मिलावट होने की संभावना रहती है, इसलिए आप घर पर कोकोनट ऑयल तैयार कर सकते हैं. कोकोनट क्रीम को निकाल लें और फिर इसे मोटे तले के पैन में डालकर हल्की आंच पर पकाएं या फिर आप चाहें तो डबल बॉयलर में पका सकते हैं. जब क्रीम से तेल अलग हो जाए तो इसे छानकर कंटेनर में कर लें.

कोकोनट शेल्फ का ऐसे करें यूज

कोकोनट शेल्फ यानी नारियल का ऊपरी सख्त हिस्सा, इसे ज्यादातर लोग फेंक देते हैं, लेकिन या भी आपके काफी काम आ सकता है, बस आपको नारियल बहुत सावधानी के साथ निकालना है. इसके लिए नारियल को बीच से तोड़ लें और फिर गैसे पर शेल्फ को रखकर गर्म करें. इसके बाद चाकू से नारियल आसानी से निकल जाएगा. मैंने बचपन में देखा था .

# प्रकृति से जुड़ा है कमारों का जीवन



जलवायु बदलाव के दौर में जल संरक्षण व हरियाली का बने रहना, गांव में दो सबसे बड़ी ज़रूरतें हैं, वनों की रक्षा से दोनों काम हो रहे हैं,जंगल होगा तो पानी व मिट्टी का भी संरक्षण होगा। हमें वन खाद्य, चारे, वन, मिट्टी संरक्षण के साथ स्थानीय वृक्षों को महत्व देना चाहिए। इस गांव के लोगों ने यह काम कर दिखाया है, जो सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।छत्तीसगढ़ में गरियाबंद जिले में कमार आदिवासियों की आबादी है। कमार, विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) के अंतर्गत आते हैं। ये आदिम जनजातियों में से एक हैं। इनकी पारंपरिक जीवनशैली प्रकृति के करीब है। कमारों की आजीविका बांस के बर्तन बनाकर बेचने और जंगल से भी जुड़ी से है। हाल के कुछ वर्षों से कमार खेती की ओर भी मुड़े हैं। इस कॉलम में सुदूर जंगल के गांवों में कमार आदिवासियों के जीवन में झांकने की कोशिश है, जिससे उनका प्रकृति से जुड़ाव को समझा जा सके।मैंने हाल ही में इस इलाके का दौरा किया था। मुझे प्रेरक स्वयंसेवी संस्था के कोमलराम साहू ने गरियाबंद के कुछ गांव के लोगों से मिलवाया था और जंगल दिखाया था। जंगल में हवा की खुशबू थी। गर्म लू के थपेड़ों की बजाय हवा में कुछ नमी थी। एक ओर चिड़ियों की आवाज आ रही थी और दूसरी ओर पैरी नदी कल-कल बह रही थी, उसकी आवाज आ रही थी। हवा की ताजगी, पेड़ों की चमकीली पत्तियां, कीट-पतंगों की भिनभिनाहट और पानी की झिलमिलाहट मुझे खींच रही थी।यह बहुत ही खूबसूरत इलाका है। यहां राजिम में त्रिवेणी संगम है। जलप्रपात और जतमई माता का मंदिर है। महानदी और पैरी नदी है। इसी प्रकार, यहां सांस्कृतिक विविधता भी देखने को मिलती है।राजिम स्थित प्रेरक स्वयंसेवी संस्था इस इलाके में लंबे समय से काम कर रही है। देसी बीजों की जैविक खेती, शिक्षा, बुजुर्गों के लिए आश्रम, मानसिक स्वास्थ्य की समस्या से ग्रस्त युवाओं के लिए केन्द्र इत्यादि। पिछले कुछ वर्षों से वन अधिकार कानून के तहत सामुदायिक वनाधिकार के लिए लोगों को जागरूक करने से लेकर वन प्रबंधन, पौधारोपण, जल संरक्षण कई कामों में संस्था सहयोग कर रही है।यहां के आमझर गांव के ग्रामीण बताते हैं कि वैसे तो हम जंगल की रखवाली व देखभाल लम्बे समय से करते आ रहे हैं, पर इसे व्यवस्थित रूप से दो-तीन सालों से कर रहे हैं। जब से वन अधिकार कानून के तहत् वन संसाधन का अधिकार मिला है, उसके बाद वन प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।गांव की महिलाओं ने बताया कि बांस से खुमरी, मोरा, टुकना, झिंझरी, सूप, चांप, झाड़ू और चटाई बनाते हैं, जिन्हें बेचकर पेट पालते हैं। जंगल से बहुत सारी खान-पान की चीजें मिलती हैं, जैसे फल, फूल, हरी पत्तेदार भाजियां इत्यादि। फुटू ( मशरूम) भी कई तरह के मिलते हैं, जैसे भिमोरी फुटू, भदेली फुटू, पैरा फुटू इत्यादि।इसी प्रकार, कई प्रकार की भाजियां मिलती हैं- जैसे चरौटा भाजी, अमटी भाजी, कोलियारी भाजी इत्यादि। फलों में तेंदू, चार, आम, कुसुम, मोकाई और भिलवां मिलते हैं।ग्रामीण बताते हैं कि इस गांव के जंगल में पिछले साल आग नहीं लगी, क्योंकि गांव के लोग बारी-बारी से इसकी रखवाली करते हैं। जबकि आसपड़ोस के जंगल में आग लगी है, उनके जंगल में नहीं लगी। जंगल में आग लगना आम बात है। इसका मुख्य कारण महुआ संग्रह के लिए पेड़ के नीचे कचरा व पत्तों में आग लगना है। इसके कारण आग फैल जाती है। चरवाहे व राहगीरों के माध्यम से आग लग जाती है। जंगल में आग की वजह से छोटी-मोटी झाड़ियां, फलदार पेड़ और कंद-मूल इत्यादि जलकर नष्ट हो जाते हैं।वे आगे बताते हैं कि महुआ बीनने से पहले गांव में बैठक हुई थी, उसमें तय हुआ कि कुछ जगह छोड़कर आग लगाएं। इसके लिए पतझड़ में जो पत्ते झड़ते हैं, उन्हें अलग करके रखते हैं, जिससे आग न लगे। इसके साथ ही, जंगल की सीमा में एक गड्ढा बनाया गया है, ताकि आग से जंगल को बचाया जा सके। आग से जलने वाली चीजों के इस्तेमाल पर रोक लगाई है।वे बतलाते हैं कि वे सुबह से शाम तक जंगल की रखवाली करते हैं। अगर कोई व्यक्ति जंगल में मिलता है तो उसे हिदायत देते हैं कि जंगल में आग मत लगाना। जंगल में आग लगने से खेतों की नमी खत्म हो जाती है। इतना ही नहीं, तरह-तरह के कीट-पतंगें, सांप, मेढ़क और पक्षी, यह सब भी इस आग से जलकर मर जाते हैं। इनमें से कई खेती में उपयोगी हैं।गांव की वन प्रबंधन समिति ने जंगल की सुरक्षा के लिए नियमावली बनाई गई है, जिससे जंगल को किसी प्रकार नुकसान न हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। गीली लकड़ी न काटें। अगर गांव के बाहर से कोई व्यक्ति जंगल आता है तो उसे लकड़ी ले जाने के लिए मना करते हैं। बकरी व मवेशियों को भी जंगल में ले जाने से मना करते हैं, जिससे छोटे पौधों को नुकसान न हो।इसी वर्ष राजस्थान के भेड़ चराने वालों को गांववालों ने जंगल में भेड़ चराने से रोका था, क्योंकि छोटे पौधों को इससे नुकसान होता है। गांव के मवेशियों के लिए एक ही जगह चराई हो, जिससे छोटे पेड़ पौधों को नुकसान न हो। इसके साथ ही दुर्लभ प्रजाति के पेड़ों को काटने पर रोक है।

वे आगे बताते हैं जलाने के लिए सूखी लकड़ी ही लाएंगे, जहां जंगल में पेड़ कम हैं, वहां पौधारोपण करेंगे, जंगल की कटाई नहीं हो, वनोपज सबको मिले, यह सुनिश्चित करेंगे, मशरूम के लिए किसी के लिए रोक-टोक नहीं है। अगर किसी व्यक्ति को नया मकान बनाना है या मरम्मत करना है तो लकड़ी के लिए ग्रामसभा की अनुमति लेनी होगी।

एक ग्रामीण ने बताया कि यहां घने जंगल होने के कारण जमीन में नमी होती है जो खेती के लिए बहुत अच्छी होती है। पेड़ की शाखाएं जैसे- कर्रा, हर्रा, तेंदू और चार से पानी होकर खेतों में जाता है, वह मिट्टी को बहुत उपजाऊ बनाता है। जंगली चूहा खेतों में बिल बनाकर रहता था, जिससे खेतों की जुताई हो जाती थी, चिड़िया भी कीटनाशक का काम करती हैं, इनके कम होने से फसलों में कीट ज्यादा लगते हैं।

गांव वालों ने बताया कि अगर जंगल की अच्छे से रखवाली की जाए, और उसे विश्राम दिया जाए तो कुछ ही सालों में नया जंगल हरा-भरा हो जाता है। उसमें कुछ भी करने की जरूरत नहीं है, सिर्फ रखवाली करनी जरुरी है। जो जगह खाली है, या वहां के पौधे छोटे हैं, वहां नए पौधे आ जाते हैं और छोटे पौधों को भी बढ़ने का मौका मिलता है। इस लिहाज से जंगल की रखवाली बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस कारण जंगल में विविधता तो देखी जाती है, तरह-तरह के पक्षियों का भी बसेरा होता है।कुल मिलाकर, यहां के ग्रामीण अपने गांव के आसपास का जंगल, चारागाह, वन, जलस्रोत सुधार कर गांव के दीर्घकालीन विकास व गांव के पर्यावरण की रक्षा की संभावनाओं को निरंतर बढ़ा रहे हैं। कमार आदिवासियों का आत्मविश्वास बढ़ रहा है।जलवायु बदलाव के दौर में जल संरक्षण व हरियाली का बने रहना, गांव में दो सबसे बड़ी ज़रूरतें हैं, वनों की रक्षा से दोनों काम हो रहे हैं,जंगल होगा तो पानी व मिट्टी का भी संरक्षण होगा। हमें वन खाद्य, चारे, वन, मिट्टी संरक्षण के साथ स्थानीय वृक्षों को महत्व देना चाहिए। इस गांव के लोगों ने यह काम कर दिखाया है, जो सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।

संपादकीय

## खेलने की उम्र में ब्याह

इक्कीसवीं सदी के भारत में यदि हर पांच में से एक लड़की का विवाह 18 साल से कम उम्र में हो जाए तो इसे विडंबना ही कहा जाएगा। पिछले एक वर्ष में दो लाख बाल विवाह कानून की सख्ती से रोके गए। निश्चित रूप से बाल विवाह मानवाधिकारों का उल्लंघन ही है। जिससे बच्चियां ताउम्र पढ़ाई से वंचित हो जाती हैं और उनका शारीरिक व मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। सही मायनों में बाल विवाह कुपोषण एवं गरीबी का ऐसा चक्र पैदा करता है जिसकी कीमत राष्ट्र को चुकानी पड़ती है। चौंकाने वाले आंकड़े हैं कि पश्चिम बंगाल, बिहार व त्रिपुरा में 40 फीसदी लड़कियों के विवाह 18 साल से पहले हो जाते हैं। यही वजह है कि केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्रालय ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की है। दरअसल, यह शुरुआत उन राज्यों को लेकर की गई है,जहां बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। तथ्य यह भी कि समाज में गरीबी और बाल विवाह में सीधा रिश्ता है। एक अध्ययन के अनुसार 75 फीसदी बाल विवाह गरीब परिवारों में होते हैं। जो कालांतर गरीबी के नये दुश्चक्र को जन्म देते हैं। निश्चित रूप से हमारे समाज में गरीबी व रूढ़िवाद के चलते इस कुप्रथा को बल मिलता है। अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि संपन्न, शिक्षित और प्रगतिशील समाजों में बाल विवाह के मामले सामान्यत- नजर नहीं आते। वहीं दूसरी ओर लिंगभेद की सोच भी इन विवाहों को बढ़ावा देती है। अभिभावक विषम परिस्थितियों के चलते अल्पवयस्क लड़कियों का विवाह करके जल्दी अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त होना चाहते हैं। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि स्वतंत्रता से पूर्व देश में वर्ष 1929 में बाल विवाह निषेध कानून बनने के बावजूद इस कुप्रथा पर अंकुश क्यों नहीं लग पाया। पहले धारणा थी कि असुरक्षाबोध के चलते बाल विवाह को बढ़ावा मिलता रहा है। कम से कम स्वतंत्र भारत में बाल विवाह की सोच नहीं रहनी चाहिए थी।

निस्संदेह, राजग सरकार के दौरान बाल विवाह उन्मूलन के लिये सार्थक प्रयास किए गए। हालिया बाल विवाह मुक्त अभियान की शुरुआत से पहले भी सरकार ने इस दिशा में पहल की थी। इससे पहले वर्ष 2006 में बाल विवाह कानून में सुधार किया गया। इसमें लड़कों के विवाह की उम्र 21 व लड़कियों के विवाह की उम्र 18 वर्ष कर दी गई थी। वहीं वर्ष 2021 में राजग सरकार ने 2006 के कानून में सुधार करके लड़कियों की शादी की उम्र 21 साल करने का प्रस्ताव किया था। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट भारत में 40 फीसदी के करीब लड़कियों के 18 साल से कम उम्र में विवाह होने की बात कहती है। वहीं नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो और नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे हर रोज चार हजार से अधिक बाल विवाह होने का उल्लेख करते हैं। बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में असम सरकार की सफलता का अकसर जिक्र होता है,

जहां आंकड़ों में तेजी से गिरावट आई है। केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2029 तक बाल विवाह की दर को पांच फीसदी से नीचे लाया जाए। निस्संदेह, बाल विवाह जहां बच्चियों के मौलिक अधिकारों का हनन है, वहीं उनकी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को भी कमतर करता है। इससे जहां लड़कियों के अधिकारों का अतिक्रमण होता है, वहीं उनके शोषण का भी खतरा रहता है। पढ़ाई बीच में छूट जाने से उनके सपने मर जाते हैं। वहीं दूसरी ओर कम उम्र में शादी और बच्चे होने से उनको स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पूरी पढ़ाई न होने तथा नौकरी न कर पाने की स्थिति में वे आर्थिक रूप से पतियों पर आश्रित हो जाती हैं। जिससे उनका स्वाभाविक विकास नहीं हो पाता।

जिसके चलते अकसर भावनात्मक विभेद का सामना भी करना पड़ता है। बाल विवाह का होना यह भी बताता है कि हमारे समाज में अभी दहेज प्रथा का दबाव कम नहीं हुआ है। जिससे बचने के लिये अभिभावक तुरत-फुरत अल्पवयस्क लड़कियों की शादी कर देते हैं। लेकिन एक हकीकत यह भी कि सिर्फ कानून बनाने से ही इस कुरीति पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता, समाज में जागरूकता लाने के लिये भी राष्ट्व्यापी अभियान चलाना होगा।

# भारत-नाइजीरिया संबंधों में विस्तार की असीम संभावनाएं

नाइजीरिया ने अफ्रीकी देशों को कई तरह की मदद दी है जिसके कारण नाइजीरिया के आर्थिक प्रभुत्व पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इसकी अनुमानित आबादी 23.46 करोड़ है जो भारत की अनुमानित आबादी का लगभग 16 प्रतिशत और अमेरिकी आबादी का करीब 60 फीसदी से है। यह महाद्वीप की सबसे बड़ी आबादी है और यही कारण है कि नाइजीरिया को अफ्रीकी भीम कहा जाता है।

नाइजीरिया संघीय गणराज्य के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 और 17 नवंबर को नाइजीरिया की यात्रा पर गए थे। 17 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस यात्रा ने नाइजीरिया के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाया है। नाइजीरियाई अर्थव्यवस्था अफ्रीकी महाद्वीप में सबसे तेजी से बढ़ती और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

अगर 21वीं सदी वास्तव में वैश्विक दक्षिण से संबंधित है तो भारत और नाइजीरिया के बीच संबंधों को शैक्षिक छात्रवृत्ति, कच्चे तेल और सैन्य प्रशिक्षण के चश्मे से परे देखा जाना चाहिए। इन संबंधों में एक नया अध्याय तब शुरू हुआ जब 2023 में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन ने उच्च तालिका में स्थायी स्थान के साथ अफ्रीकी प्रतिनिधित्व का स्वागत किया।भारत और नाइजीरिया के पास मानव गतिविधियों के सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में एक-दूसरे को देने के लिए बहुत कुछ है। नाइजीरिया इस समय अफ्रीका में तीसरा सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र है जो और आगे बढ़ना चाहता है। अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से प्रगति हुई है। उदाहरण के लिए डांगोट रिफाइनरियों के आगमन के कारण पेट्रोलियम वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए तैयार नाइजीरिया के साथ भारत और बाकी दुनिया के साथ इसके अंतरराष्ट्रीय संबंधों की प्रकृ ति अनिवार्य रूप से एकदम बदल जाएगी। यह कायापलट किसी सीमा तक उन विचारों द्वारा निर्देशित होगी जो अमेरिका में नए ट्रम्प प्रशासन की विशेषता होगी।

भारतीय नजरिए से देखें तो मध्य पूर्व में तनाव, यूक्रेन-रूस संघर्ष और अपनी विस्तारवादी नीतियों के साथ चीनी कूटनीति के अनिश्चित आयामों के कारण दुनिया की भू-राजनीति पर असर की वजह से अफ्रीकी महाद्वीप के साथ नए संबंधों बनाने के लिए भारत विवश हुआ है।

नाइजीरिया ने अफ्रीकी देशों को कई तरह की मदद दी है जिसके कारण नाइजीरिया के आर्थिक प्रभुत्व पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इसकी अनुमानित आबादी 23.46 करोड़ है जो भारत की अनुमानित आबादी का लगभग 16 प्रतिशत और अमेरिकी आबादी का करीब 60 फीसदी से है। यह महाद्वीप की सबसे बड़ी आबादी है और यही कारण है



कि नाइजीरिया को अफ्रीकी भीम' कहा जाता है। देश में वैज्ञानिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रगति के बहुत मौके हैं। इसके पास जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग कर कौशल, आधुनिकीकरण के लिए आवश्यक सुधार, सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र आतंकवादी समूहों- मुख्य रूप से बोको हरम की हिंसा पर लगाम लगाने के अवसर हैं।

फिर भी नाइजीरिया की प्रगति में एक और बाधा का वहां का कमजोर राजनीतिक और आर्थिक शासन है जिसमें भ्रष्टाचार व्याप्त है। न्याय व्यवस्था भी अन्य संस्थानों की तरह शक्तिशाली अभिजात वर्ग की कैद में हैं। इसलिए कोई आश्चर्य नहीं कि पिछले दस वर्षों में नाइजीरिया के आर्थिक संकेतकों में उच्च मुद्रास्फीति दर, कम वृद्धि और विदेशी मुद्रा भंडार के अपेक्षाकृत अल्प भंडार का बोलबाला है। इस वक्त वार्षिक मुद्रास्फीति 30 प्रति सैकड़ा से अधिक, वार्षिक वृद्धि लगभग 3 प्रश और विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 40 अरब अमेरिकी डॉलर है। विदेशी मुद्रा बाजार दर 1660 नायरा प्रति 1 अमेरिकी डॉलर से अधिक की होने के कारण आर्थिकविविधीकरण और नाइजीरिया की उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कच्चे माल और इनपुट के आयात के लिए ज्यादा गुंजाइश नहीं देती है।इसके बावजूद जैसा कि ईंधन सब्सिडी के उन्मूलन से स्पष्ट है कि वर्तमान प्रशासन यह उम्मीद दिलाता है कि प्रतिबद्धता हो तो विरोध के बाद भी सुधार किए जा सकते हैं। बैंकों के दबदबे वाला वित्तीय क्षेत्र पहले से बेहतर स्थिति में है। यह नई तकनीकों को अपना सकता है तथा साइबर धोखाधड़ी और हमलों को दूर करने के लिए निश्चित उपायों के साथ भुगतान के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।भारत ने पिछले 10 वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक रिकॉर्ड बनाया है और 2030 से पहले दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है। करीब 4 फीसदी दर के साथ मध्यम अवधि में मुद्रास्फीति के सालाना 7-8 प्रश की दर से बढ़ने की उम्मीद है। वर्तमान विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब अमेरिकी डॉलर के करीब है। नई प्रौद्योगिकियां बहुत विकसित हैं और मध्यम से दीर्घकालिक अवधि के भीतर पूरे आर्थिक स्थान पर कब्जा कर लेंगी। तो भी इस स्थिति पर पहुंचने में कच्चे माल और ऊर्जा आपूर्ति की कमी महत्वपूर्ण बाधा है।

इस पृष्ठभूमि पर प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत और नाइजीरिया के संबंधों को आगे बढ़ा रही है। यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि दोनों देशों को सुधारों व आर्थिक सुशासन की एक विस्तृत श्रृंखला पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्हें आर्थिक बहिष्कार को खत्म करने, रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने तथा आर्थिक असमानताओं को कम करने में भी निवेश करना होगा।

दोनों देशों के बीच सहयोग कुछ मुद्दों पर आधारित है जिन्हें अबुजा में भारत और नाइजीरिया की सरकारों के प्रमुखों की बैठक में उठाया गया था। उनमें से मध्यम अवधि में ऊर्जा की आपूर्ति है। इसका मतलब यह है कि जब तक नाइजीरिया पेट्रोलियम उत्पादों के उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं हो जाता तब तक उसे भारत से पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर निर्भर रहना होगा जबकि भारत अपनी बढ़ती तेल मांग को पूरा करने के लिए कच्चे तेल का आयात कर सकता है।दोनों देशों को चिप्स और सेमी-कंडक्टर के वर्चस्व वाले नए तकनीकी विश्व में विकास के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता का पता लगाने की आवश्यकता है। नाइजीरिया में मिले भूगर्भीय खोजों की जानकारी आसानी से उपलब्ध नहीं होती और यहीं भारत के सहयोग पर नाइजीरिया निर्भर रह सकता है।

नाइजीरिया में इस्पात और बसों, मेट्रो व इंटरसिटी रेलवे सहित सार्वजनिक परिवहन जैसे बुनियादी ढांचे वाले कुछ महत्वपूर्ण उद्योग ज्यादा सक्रिय तथा विकसित नहीं हैं। इन क्षेत्रों में श्रम सुधार, भ्रष्टाचार के रिसाव व लूटमार को जड़ से खत्म करने के लिए सख्त पेशेवर प्रतिबद्धता मजबूत करने की भी आवश्यकता है।

इन क्षेत्रों में सहयोग संधि में कुछ गारंटी खंडों को प्रभावी कर भारत पर नाइजीरिया निर्भर हो सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि स्टील और सार्वजनिक परिवहन दोनों क्षेत्रों में नाइजीरिया का अनुभव काफी निराशाजनक रहा है। दोनों देशों के बीच साझेदारी में रक्षा, सैन्य हथियार और प्रशिक्षण से संबंधित मुद्दे प्रमुख रूप से बने हुए हैं। फिर भी, आपसी विश्वास के आधार पर सार्थक सहयोग में सुधार के लिए दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान को आगे बढ़ाना होगा।

## चोरी का वांछित आरोपी दबोचे गए, लाकेट बाइक बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर सफदरगंज पुलिस चोरी के आरोपी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।

थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त साजिद अली पुत्र साबिर अली निवासी ग्राम मवई, पोस्ट व थाना मवई जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 गले का लॉकेट तथा घटना कारित करने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई।

अभियुक्त द्वारा शनिवार को थाना सफदरगंज क्षेत्रान्तर्गत बंगला बाजार, ग्राम के पास एक महिला से लॉकेट छीना गया था तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल की चोरी की थी।

## डीपी एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार



**बाराबंकी।** एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर सुबेहा पुलिस डीपी एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को रविवार गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी जेल भेज दिया।

थाना सुबेहा पुलिस टीम द्वारा डी0पी0 एक्ट में वांछित अभियुक्त अशोक कुमार श्रीवास्तव पुत्र अलख प्रसाद निवासी ग्राम जवाहर नगर कस्बा व थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

## अवैध स्मैक बेचने वाला गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर कुर्सी पुलिस क्षेत्र में अवैध स्मैक की सप्लाई करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा रविवार को अभियुक्त रामसिंह पुत्र गंगा प्रसाद निवासी अमरसण्डा थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी को ग्राम गंगौली, कुर्सी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 17 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया गया।

## सुरक्षित बैग पाकर भुक्तभोगी बोला थैंक्यू फतेहपुर पुलिस



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** यूपी-112 पर कॉल कर भुक्तभोगी ने बताया कि रिक्शावाला बैग लेकर चला गया है। सूचना पर पीआरवी 1150 मौके पर पांच मिनट में घटनास्थल पर पहुंची। खोजबीन के बाद कालर का खोया हुआ बैग खोज कर कालर को सुपुर्द किया गया। बैग को कालर के सामने खोलकर देखने पर उसमें ज्वैलरी, मोबाइल, पर्स एवं रिवाल्वर का लाइसेंस सुरक्षित दशा में प्राप्त हुआ। सुरक्षित बैग और सामान पाकर भुक्तभोगी बोला - थैंक्यू फतेहपुर पुलिस। पीआरवी कर्मियों द्वारा किए गए इस कार्य की कालर ने सराहना की। इसमें पीआरवी 1150 टीम के
कमांडर मुख्य आरक्षी सुनील कुमार यादव, सब कमाण्डर अमित कुमार, चालक आरक्षी नरेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट लगाकर वाहन चलाने वाले के खिलाफ की कार्रवाई



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** रविवार को पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में सड़क दुर्घटना को कम किए जाने के लिए यातायात प्रभारी लाल जी सविता एवं यातायात पुलिस द्वारा आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने के लिए साथ ही माल वाहक वाहन द्वारा सवारियों का परिवहन करने वाले वाहनों, दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट तथा सवारी ई रिक्शा पर माल को ढोने वाले ई-रिक्शा, बिना नम्बर प्लेट लगे वाहन, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, चार पहिया वाहन पर बिना सीट बेल्ट का प्रयोग करे वाहन चलाने वाले वाहनों, नाबालिक द्वारा वाहन चलाने, टेंपो टैक्सी के द्वारा स्कूली छात्र छात्रों का परिवहन करने वाले अवैध वाहनों की सघनता से चेकिंग कर कार्यवाही की गई तथा आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गई ।

## वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर कौशांबी पुलिस वारंटी की तलाश में एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी किया।

थाना कौशाम्बी पुलिस उ०नि० विमल कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त लखन पुत्र मंगली नि० गौरये थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 551 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 09 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना मंझनपुर से 04, थाना महेवाघाट से 02, थाना पिपरी से 02, थाना कोखराज से 01) कुल 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा० न्यायालय किया गया।

# एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**हंडिया ।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज द्वारा अपराध एवं अपराधियो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर के निर्देशन व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल परिवेक्षण में मुझ प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम मय थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा रविवार को थाना हण्डिया अंतर्गत क्षेत्र "पिलर नं0 22 बरौत टेला मोड़ के पास" से वांछित अभियुक्त वंशराज मौर्या उर्फ वंशु पुत्र राम लाल मौर्या निवासी बरौत थाना हण्डिया कमि० प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया।

## पेड़ से टकराए कार सवार घायल, चालक की उपचार के दौरान मौत

**सबसे तेज प्रयागराज**
**सैनी /कौशांबी।** सैनी थाना क्षेत्र के भानी पुर गांव के समीप शनिवार रात नीलगाय को बचाने के चक्कर में एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल कार चालक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।साथ रहे एक अन्य युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना से पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। फतेहपुर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के अमौली गांव का 38 वर्षीय अजीत कुमार दीक्षित पुत्र विजय नारायण कार चालक था। शनिवार की रात वह कानपुर के किदवई नगर निवासी अनुभव तिवारी पुत्र नंद किशोर के साथ कहीं जाने के लिए हाईवे के रास्ते सैनी की ओर जा रहा था। भानी पुर के समीप कार के सामने अचानक नीलगाय आ गई। उसे बचाने के चक्कर में चालक नियंत्रण खो बैठा और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। सूचना के बाद पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से सिराथू सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज मंझनपुर रेफर कर दिया। यहां कार चालक अजीत की मौत हो गई। घटना के बाद से परिवारीजनों के आंसू थामे नहीं थम रहे हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## चोरों ने लाकर का ताला तोड़कर नगदी जेवरात उठा ले गए

**सबसे तेज प्रयागराज**
**सैनी /कौशांबी।** कड़ा धाम कोतवाली के कमाल पुर देवी गंज सैनी मार्ग पर मदरसे के सामने स्थित सूने घर में बीती रात चोरों ने धावा बोला है घर में घुसकर चोरों ने आलमारी और लॉकर तोड़कर गहने सहित कई लाख की चोरी की है,सुबह जब परिवार अपने घर पहुंचा तो चोरी की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए,सूचना पर पहुंची पुलिस चोरी की घटना की जांच में जुट गई है।
आलम सलमानी के अनुसार उनके पिता करामत अली का देहांत बीते 11 नवंबर को हो गए था जिससे परिवार कमाल पुर में स्थित दूसरे घर में रह रहा था आज सुबह जब वह नए घर आया तो देखा दरवाजा खुला है घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है अलमारी, सेफ सब टूटा पड़ा है चोरों ने उसके घर से सोने का हार,झुमकी, कील ,अंगूठी,मंगल सूत्र,1800 र याल( सऊदी मुद्रा) 80 हजार नकदी उठा ले गए चोरी की जानकारी पर ग्रामीणों का मजमा लग गया सूचना पर पहुंची कड़ा धाम पुलिस छानबीन में जुट गई है।

## पीएम के श्रृंगवेरपुर दौरे को लेकर तैयारी मे जुटा प्रशासन, भगौतीपुर से श्रृंगवेरपुर धाम तक तेजी से हो रहा सड़को का मरम्मत कार्य , श्रृंगवेरपुर धाम में भगवान राम और निषादराज की भव्य मूर्ति, का पीएम मोदी करेंगे अनावरण



**सबसे तेज प्रयागराज**
**लालगोपालगंज प्रयागराज ।** 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रृंगवेरपुर आगमन से पूर्व तैयारियों को पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी ने भी अपनी रफ्तार बढ़ा दी है भगौतीपुर लखनऊ राजमार्ग से श्रृंगवेरपुर धाम तक सड्को को गड्ढामुक्त किया जा रहा है वही निशादराज उधान पार्क के सामने जेसीबी से जमीन समतल कर हेलीपैड बनाया जा रहा है । प्रधानमंत्री 13 दिसंबर को प्रयागराज आएंगे। संगम से पूर्व वह श्रृंगवेरपुर धाम में वह निषादराज पार्क, भगवान राम एवं निषादराज की गले मिलते प्रतिमा, घाट का लोकार्पण करेंगे पीएम का कार्यक्रम तय होने के बाद से विभिन विभाग के अधिकारियों का श्रृंगवेरपुर धाम का दौरा कर रहे है ।

## गुमशुदा बालक शिवा बरामद

**गाजियाबाद।** थाना ए0एच0टी0यू कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा रेस्क्यू के दौरान थाना विजयनगर पर पंजीकृत मुकदमा से सम्बंधित गुमशुदा बालक शिवा उम्र 9 वर्ष पुत्र सोनू निवासी सैक्टर 12 ई ब्लाक प्रताप विहार विजयनगर गाजियाबाद को घरौदा शैल्टर होम पंचशील कालोनी के पास थाना कविनगर से बरामद किया गया जो दिनांक 11.09.2024 को घर से बिना बताये कहीं चला गया था। बालक शिवा 4 बहनों का इकलौता भाई था। बालक के पिता नगर निगम में सफाईकर्मी है। बालक शिवा को बरामद कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों ने खुश होकर पुलिस को धन्यवाद दिया।

# जयमाला और फेरों के समय नशा करता मिला दूल्हा, दुल्हन ने तोड़ी शादी



**साहिबाबाद।** होने वाले पति को जब शादी के दिन ही रस्में छोड़कर चोरी छिपे नशा करते पकड़ा तो दुल्हन ने बेबाक होते हुए शादी से इन्कार कर दिया। परिवार ने भी बेटी का साथ दिया और शादी को तोड़ दिया। आरोप है कि इस पर दूल्हा, उसके भाई और बहन ने दुल्हन की मां व अन्य लोगों से हाथापाई कर डाली।

डायल 112 की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाद को शांत कराया। इसके बाद दुल्हन की मां ने होने वाले दूल्हा, उसके भाई, बहन और चाचा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए शादी तय होने से लेकर बारात के दिन तक खर्च हुई रकम को वापस दिलाने की मांग की है।

दहेज की मांग पर शादी तोड़ देने के मामले कई बार सामने आ चुके हैं। इस बार टीएचए के टीला मोड़ इलाके में दूल्हे के नशा करते हुए पकड़े जाने पर शादी टूटने का मामला सामने आया है।

साहिबाबाद के शहीद नगर की रहने वाली शशि ठाकुर ने बताया कि उनकी बेटी अंजलि ठाकुर की शादी दिल्ली गांधी नगर निवासी अविनाश से तय हुई थी। दिल्ली से बारात टीला मोड़ इलाके के साहिबाबाद मार्ग स्थित गोकुल धाम फार्म हाउस पहुंची। दुल्हन पक्ष जयमाला की तैयारी कर रहा था, वहीं दूल्हा बिना किसी को बताए अचानक कहीं चला गया। खोजबीन हुई तो दुल्हन पक्ष के लोगों ने उसे स्टेज के ही पीछे अपने दोस्त के साथ नशा करते हुए पकड़ लिया, लेकिन दूल्हे ने बहाना बना दिया। इसके बाद बारी जब देर रात फेरों की आई तब दोबारा परिवार और दुल्हन ने दूल्हे को गोली व कैप्सूल खाते पकड़ लिया। फिर क्या था दुल्हन ने जब अपने होने वाले पति को नशा करते पकड़ा तो बिना समय गंवाए बेहतर और सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए शादी तोड़ दी। इधर दूल्हा पक्ष ने भी लड़के का साथ देते हुए दहेज बतौर दस लाख रुपये की मांग रख दी।

# महिला के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

**उधार लिए गए रुपये वापिस मांगने पर आरोपी ने छूरे से गला काटकर दिया था जघन्य हत्याकांड को अंजाम**



**कैराना।** चार वर्ष पूर्व उधार दिए गए रुपये वापिस मांगने पर छूरे से गला काटकर महिला की निर्मम हत्या किये जाने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व तीस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

जिला शासकीय अधिवक्ता संजय चौहान एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सतेंद्र धीरयान ने बताया कि विगत 08 सितंबर 2020 को गढ़ीपुख्ता थानाक्षेत्र के भैंसवाल निवासी अनिता जनपद गाजियाबाद के लोनी से अपने घर की देखभाल करने के लिए गांव आई हुई थी। गांव निवासी लालसिंह पुत्र रिसाल सिंह ने अनिता से रुपये उधार ले रखे थे, जिन्हें अनिता वापिस देने को कह रही थी। रुपये वापिस मांगने की रंजिश में लालसिंह ने 11 सितंबर की रात्रि करीब 12 बजे घर में घुसकर छूरे से अनिता के गले पर प्रहार करके उसकी हत्या कर दी। हत्यारोपी लालसिंह ने स्वयं ही मृतका के पुत्र ललित को फोन करके उसकी माता की हत्या किए जाने की सूचना दी। माँ की हत्या की सूचना पर युवक के पैरों तले से जमीन खिसक गई। उसने फोन पर मामले की सूचना पुलिस को दी। मृतका के पुत्र ललित ने हत्यारोपी लालसिंह के विरुद्ध गढ़ीपुख्ता थाने पर घटना का मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। विवेचक ने मामले की तफ्तीश कर-के आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल दस गवाह न्यायालय के समक्ष पेश किए गए। यह मामला कैराना स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(एफटीसी) ऋतु नागर की अदालत में विचाराधीन था। शनिवार को कोर्ट ने पत्रावलियों का अवलोकन करने एवं दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के तर्क-वितर्क सुनने के पश्चात आरोपी लालसिंह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व तीस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

## एलएलबी के छात्र की संदिग्ध हालत में मौत



**साहिबाबाद।** दिल्ली के वेलकम शाहदरा स्थित गोरख पार्क नवीन निवासी शुभ कुमार (21) पुत्र मुकेश कुमार की बृहस्पतिवार दोपहर संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शुभ जीटी रोड स्थित आईएमई कॉलेज में एलएलबी चौथे साल का छात्र था। शुरूआती छानबीन में कॉलेज के पास ही जहरीला पदार्थ खाने की बात सामने आई है।

फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों की पुष्टि हो पाएगी। हर रोज की तरह शुभ बृहस्पतिवार की दोपहर करीब 12 बजे अपने घर शाहदरा से आईएमई कॉलेज बाइक से पहुंचा था। कॉलेज के पास ही बाइक रोककर वह खड़ा हो गया। अचानक उसकी हालत बिगड़ी तो स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस की शुरूआती छानबीन में सामने आया कि शुभ ने बाइक रोकने के बाद जहरीला पदार्थ खाया था। इसके बाद अपनी मां को कॉल करके इसकी जानकारी भी दी थी।

## दरोगा ने गेस्ट हाउस कर्मचारी को जड़ा थप्पड़, एसपी ने लिया संज्ञान, आरोपी दरोगा को किया लाइन हाजिर

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बिजनौर!** धामपुर कोतवाली मे एक दरोगा द्वारा गेस्ट हाउस के कर्मचारी को थप्पड़ मारने का मामला सामने आया है। दरोगा द्वारा कर्मचारी के थप्पड़ मारने की वीडियो गेस्ट हाउस मे लगे सीसी टीवी कैमरे मे कैद हो गई। वीडियो मे साफ देखा जा सकता है। कैसे दरोगा गेस्ट हाउस कर्मचारी को गंदी-गंदी गालिया देते हुए उसके थप्पड़ मार रहा है। एसपी ने वीडियो का संज्ञान लेकर आरोपी दरोगा को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर करते हुएमामले की जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर को सौपी है।
यह घटना शनिवार शाम काशीराम आवास के पास स्थित एक गेस्ट हाउस की है। आरोप है कि किसी बात को लेकर दरोगा राजेश कुमार ने गेस्ट हाउस के कर्मचारी से विवाद किया और उसे गालियाँ देते हुए थप्पड़ मार दिया। गेस्ट हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे में इस पूरी घटना को कैद कर लिया गया। वीडियो वायरल होने के बाद, इस पर पुलिस प्रशासन की ओर से त्वरित कार्रवाई की गई।

**आरोपी दरोगा को किया लाइन हाजिर**

घटना का वीडियो सामने आने के बाद एसपी बिजनौर अभिषेक झा ने मामले का संज्ञान लिया और आरोपी दरोगा राजेश कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने मामले की जांच धामपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वम सिंह को सौंप दी है।

## सड़क की पटरियों पर खुलेआम बिकता है मांस , मछली और मुर्गा



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर।** फूलपुर मुबारकपुर रोड और फूलपुर जौनपुर मार्ग के किनारे सड़क की पटरियों पर अवैध रूप से खुले आम मांस मछली और मुर्गे की दुकानों चल रही है जो प्रतापगढ़ तथा अन्य जनपदों को जोड़ती है महाकुंभ के श्रद्धालु प्रतापगढ़ फैजाबाद रायबरेली बहराइच ,जौनपुर,गोरखपुर,आजमगढ़ आदि के यात्रीगण इसी रोड से कुंभ मेले में जाएंगे तहत वापस लौटेंगे। परंतु ना तो इस महत्वपूर्ण धार्मिक मेले में आने जाने वाले यात्रियों के लिए इस रोड का कोई पुनरुद्धार नहीं हुआ और ना ही इस सड़क के किनारे उगी झाड़ियों की साफ सफाई कराई गई इसके साथ ही कई बाजारों में बिकने वाली मांस मछली और मुर्गे जो कि मैलहन बाजार,कोड़ापुर,बरना बाजार की दुकानों पर बंदिश की गई। जब की योगी सरकार ऐसे धार्मिक विश्व स्तरीय महाकुंभ मेले की तैयारियों को लेकर काफी सर्तक है लेकिन फूलपुर पुलिस, प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है यदि चाहे तो सड़क की पटरियों पर बिकने वाली मांस मछली और मुर्गे की दुकानों को हटाकर दूर कहीं करा सकते हैं।

## किसानो की समस्याओं के निराकरण को लेकर आंदोलन की तैयारी



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत रविवार को फूलपुर क्षेत्र के पाली ग्राम सभा में लगाई गई महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा की नेतृत्व में महापंचायत की गई जिसमें 45 ग्राम सभा किसनो ने प्रतिभाग किया उक्त पंचायत में कई बिंदुओं पर चर्चा हुआ जिसमें किसानों की समस्याओं के निराकरण को लेकर आंदोलन की रणनीति बनाई गई जिसमे कई गांवों में नाली खरंजा चक रोड पेंशन वृद्धा पेंशन आवास राशन कार्ड सहित विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने को लेकर स्थानीय प्रशासन से मांग की गई । किसान यूनियन की महापंचायत आगामी 9 दिसम्बर को सहसों ब्लॉक में पंचायत रखी जाएगी इसमें उपस्थित युवा तहसील अध्यक्ष हरगोविंद यादव, ब्लॉक अध्यक्ष जियालाल, महिला तहसील उपाध्यक्ष फूलन देवी पटेल,उर्मिला देवी पटेल, गयादीन पटेल ग्राम सभा अध्यक्ष जगराम पटेल ,विधि सलाहकार अशोक कुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में किसान यूनियन के पदाधिकारी लोग मौजूद रहे।

## नवाबगंज में संगठन पर्व की बैठक सम्पन्न



**सबसे तेज प्रयागराज**
**नवाबगंज, प्रयागराज।** मंडल नवाबगंज की संगठन की बैठक बूथ अध्यक्ष के चुनाव को लेकर नवाबगंज के में मंडल के चुनाव अधिकारी विष्णु देव प्रसाद रहे जिन्होंने बूथ अध्यक्ष के चुनाव को लेकर प्रदेश संगठन द्वारा नियम को बताते हुए कहा कि 5 दिसंबर तक मंडल के सभी बूथों का गठन कर लिया जाए जिसके लिए चुनाव अधिकारी तय कर दिए जाए, जहां भी बूथ सक्रिय हैं और 50% का मानक पूरा करते हैं तो वहां पर जिम्मेदारी से गठन किया जाए, और जो अपने कार्य नहीं करना चाहते हैं उनके स्थान पर दूसरे बूथ अध्यक्ष का चुनाव कराया जाय,जिसके बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव तय हैं। कार्यक्रम में उपस्थित मंडल अध्यक्ष ने सभी विषयों की पूरी जानकारी देते हुए,नियम के तहत कार्य करने का संकल्प लिया।उपस्थित लोगों में पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैया लाल पाण्डेय,पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष विजय पटेल,जिला मंत्री अमरजीत कुशवाहा,जिलाकार्य समिति सदस्य विनोद ओझा,पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह,पूर्व मंडल अध्यक्ष उपेन्द्र नाथ पाण्डेय,मंडल महामंत्री शंकर लाल पटेल,युवा मोर्चा महामंत्री धीरेंद्र मिश्रा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पीयूष ओझा,पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष कन्हैया लाल पटेल,अनुसूचित मोर्चा मंडल सुनील गौतम,शक्तिकेंद्र संयोजक राघवेन्द्र सिंह,रामराज पटेल, प्रशान्त त्रिपाठी,लवकुश पाल,रामसिंह यादव,शक्तिकेंद्र प्रभारी देवीव प्रसाद पाण्डेय,सुधाकर सिंह,गौरव सिंह,अमन मोदनवाल,आदित्य मिश्रा,मनोज मिश्रा,संचालन मंडल उपाध्यक्ष अमित ओझा ने किया।

'बार-बार मेरी पत्नी का नाम न घसीटें...' ED की छापेमारी के बाद

# शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा का बयान





प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने 29 नवंबर को पोर्नोग्राफी मामले में राज कुंद्रा के घर पर छापा मारा. उनपर ये आरोप है कि वो मोबाइल ऐप व्हाट्स ऐप के जरिए एडल्ट कंटेंट का सर्कुलेशन कर रहे थे. ईडी का छापा पड़ने के एक दिन बाद ही राज कुंद्रा ने एक बयान जारी किया है और कहा है कि उनकी अपनी पत्नी शिल्पा शेट्टी का नाम इन सब में नहीं घसीटा जाना चाहिए.राज कुंद्रा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, मैं पिछले चार साल से जांच में सहयोग कर रहा हूं. और जहां तक पोर्नोग्राफी और मनी लॉन्ड्रिंग का सवाल है तो सनसनी बातों से सच छिप नहीं जाएगा. आखिर में न्याय की ही जीत होगी.

**राज कुंद्रा ने किया शिल्पा शेट्टी का जिक्र**

आगे उन्होंने शिल्पा शेट्टी का सपोर्ट करते हुए लिखा, असंबंधित मामलों में बार-बार मेरी पत्नी का नाम घसीटा जाना बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है. सीमाओं का सम्मान करें. ईडी का मनी लॉन्ड्रिंग इंवेस्टीगेशन अश्लील कंटेंट के प्रोडक्शन और मोबाइल ऐप के जरिए डिस्ट्रीब्यूशन से जुड़ा हुआ है.राज कुंद्रा का नाम साल 2021 में भी पोर्नोग्राफी मामले से जुड़ा था. उस समय उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी, जिसके बाद उन्होंने 2 महीने जेल में भी बिताए थे और फिर उसके बाद वो बेल पर रिहा हो गए थे.

**शिल्पा शेट्टी के वकील का बयान**

राज कुंद्रा से पहले शिल्पा शेट्टी के वकील ने भी इस मामले पर बयान जारी किया था और कहा था कि शिल्पा के नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल करने से बचें, क्योंकि इस मामले से उनका कोई लेना-देना नहीं है. बहरहाल, शिल्पा और राज कुंद्रा ने 22 नवंबर 2009 को शादी की थी. दोनों की शादी को 15 साल से ज्यादा हो गए हैं. दोनों दो बच्चे के माता-पिता भी हैं. दोनों का एक बेटा है, जिसका नाम विवान है और एक बेटी है, जिसका नाम समीशा है.

# एआर रहमान या सायरा बानो, बच्चों की कस्टडी किसे मिलेगी? वकील ने दिया जवाब



एआर रहमान और सायरा बानो के अलग होने की चर्चा जोरों-शोरों के साथ हो रही है. दोनों ने अपनी 29 साल की शादी को खत्म कर दिया है. इस शादी को खत्म करने के पीछे दोनों के निजी कारण हैं. एआर रहमान और सायरा बानो के तलाक को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है. इसी बीच दोनों की वकील वंदना शाह ने तीनों बच्चों की कस्टडी को लेकर जवाब दिया. उन्होंने इस मामले पर खुलकर बात की.वंदना शाह ने विक्की लालवानी से उनके यूट्यूब चैनल पर एआर रहमान और सायरा बानो के बच्चों की कस्टडी के बारे में बात की. वंदना से पूछा गया कि अगर दोनों का तलाक होता है, तो बच्चों की कस्टडी किसे मिलेगी. इस सवाल का जवाब देते हुए लॉयर ने कहा कि मामला अभी तक फाइनल नहीं हुआ है. हालांकि, उन्होंने बताया कि उनके कुछ बच्चे अडल्ट हैं. फैसला लेने के दौरान वो खुद आजाद हैं, बच्चे ये चुन सकते हैं कि उन्हें किसके साथ रहना है.

**बच्चों की कस्टडी पर वकील का जवाब**

हिंदुस्तान टाइम्स के हवाले से उन्होंने कहा, यह अभी तय नहीं हुआ है‍ यह तय होना बाकी है‍ लेकिन उनमें से कुछ अडल्ट हैं, वे यह चुनने के लिए स्वतंत्र हैं कि वे किसके साथ रहेंगे. वंदना से इसी इंटरव्यू में तलाक के दौरान किए गए समझौते में मिलने वाली एलिमनी पर भी सवाल पूछा. उन्होंने इस सवाल पर कोई टिप्पणी न करने का फैसला किया. हालांकि, उन्होंने यह मेंशन किया कि वह कोई ऐसे व्यक्ति नहीं है जो पैसों को लेकर जुनूनी हों.

इसके अलावा, वंदना ने कपल के बीच सुलह की संभावना से भी इनकार नहीं किया. उन्होंने कहा, मैंने यह नहीं कहा कि सुलह संभव नहीं है.

उनके वकील ने आगे बताया कि संयुक्त बयान बिल्कुल स्पष्ट है क्योंकि यह दर्द और अलगाव के बारे में बात करता है. वंदना ने आगे कहा, यह एक लंबी शादी है और इस फैसले पर पहुंचने में बहुत सोचा गया है, लेकिन मैंने कहीं भी नहीं कहा कि सुलह संभव नहीं है.

# कोई 15 तो कोई 16 साल उम्र में छोटी, सलमान खान ने इन 2 एक्ट्रेस से कही थी अपनी मां का रोल निभाने की बात



सलमान खान 58 साल के हैं और अभी तक अपनी फिल्मों में लीड एक्टर का रोल प्ले करते हैं. सलमान के फैन्स को उनका यही अंदाज पसंद भी आता है. हालांकि सलमान खुद से छोटी एक्ट्रेसेस से फिल्मों में उनकी मां का रोल निभाने की बात कर चुके हैं.

बॉलीवुड सिनेमा में ये देखा जाता है कि हीरो चाहे कितना भी बड़ा हो जाए, वो फिल्मों में लीड रोल ही निभाना पसंद करता है. वहीं हीरोइन्स के साथ उल्टा होता है, जैसे एक्ट्रेसेस की उम्र बढ़ने लगती है, उनका फिल्मों में रोल छोटा होने लगता है. सलमान खान तो ये बातें अपनी को-स्टार के मुंह पर भी कह चुके हैं, जो उम्र में उनसे काफी छोटी भी थीं. सलमान खान और दीया मिर्जा दोनों सालों 22 साल पहले एक फिल्म में नजर आए थे.दोनों भले ही ज्यादा मिलते न हों, लेकिन सलमान और दीया के बीच अच्छा बॉन्ड है. हाल ही में दीया मिर्जा ने सलमान खान की तारीफ की और उनके साथ काम करने का वक्त भी याद किया. उन्होंने अपनी फिल्म तुमको ना भूल पाएंगे के सेट से एक मजेदार किस्सा भी सभी के साथ शेयर किया. कनेक्ट सिने के साथ एक इंटरव्यू में, दीया मिर्जा ने फिल्म के उस सीन के बारे में बात की जब सलमान खान के साथ शूट कर रही थी.

**दीया ने शेयर किया पुराना किस्सा**

दीया ने बताया की शूटिंग के दौरान सलमान खान ने उनसे बड़े प्यार से बातचीत कही थी. उन्होंने बताया कि सलमान ने उनसे कहा थी क्या आप जानती हैं, एक वक्त था ये महिला जो अब मेरी मां की रोल निभा रही हैं, ये मेरी हीरोइन हुआ करती थी? इस बात को सुनकर दीया काफी हैरान रह गई थीं. सलमान ने आगे उनसे कहा कि हां, और एक दिन, आप मेरी मां की भूमिका निभाएंगी. दीया उम्र में सलमान खान से 16 साल छोटी हैं.हालांकि सलमान खान ये बात बिग बॉस के मंच पर सनी लियोनी से भी कही थी. दरअसल शो के सेट पर सलमान और शाहरुख थे, तभी सनी को भी परफॉर्मेंस के इनवाइट किया गया था. परफॉर्मेंस के बाद दोनों सनी लियोनी से कहते हैं कि आप उनकी फिल्मों में उनकी मां का रोल निभा सकती हैं. ये बात सुनकर सनी भी हैरान रह जाती हैं, जो सलमान से उम्र में 15 साल छोटी हैं.

# रवीना टंडन की बेटी और अजय देवगन के भांजे की पहली फिल्म की रिलीज डेट आई सामने



रवीना टंडन की बेटी राशा ठडानी भी फिल्मी डेब्यू करने को तैयार हैं. राशा अक्सर ही सोशल मीडिया पर सुर्खियों में बनी रहती हैं और अब वो पहली बार सिल्वर स्क्रीन पर भी नजर आने वाली हैं. अगले साल 'आजाद' नाम की एक फिल्म आ रही है. राशा उसी फिल्म के जरिए डेब्यू कर रही हैं. फिल्म की फाइनल रिलीज डेट सामने आई गई है.राशा के साथ फिल्म में अजय देवगन के भांजे अमन देवगन भी नजर आने वाले हैं. ये उनकी पहली फिल्म है. कुछ समय पहले इस फिल्म का टीजर सामने आया था, जिसमें अमन और राशा दोनों की झलक देखने को मिली थी. टीजर के साथ मेकर्स ने बताया था कि ये फिल्म अगले साल जनवरी में आएगी, लेकिन फाइनल रिलीज डेट नहीं बताई गई थी. लेकिन अब ये जानकारी सामने आई है कि ये फिल्म 17 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

**किस तरह की कहानी दिखाई जाएगी ?**

अमन देवगन और राशा ठडानी के साथ-साथ अजय देवगन भी इस फिल्म में नजर आने वाले हैं. अभिषेक कपूर इस फिल्म के डायरेक्टर हैं और रॉनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं. जो टीजर सामने आया था उसके अनुसार इस फिल्म में क्रांतिकारी योद्धा महाराणा प्रताप के घोड़े की कहानी दिखाई जाने वाली है.

राशा ठडानी की काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है. वो भले अभी फिल्मों में नहीं आई हैं, लेकिन अक्सर चर्चा में बनी रहती हैं. ऐसे में अब देखना होगा कि अपनी पहली फिल्म के जरिए वो कैसा कमाल दिखाती हैं.

**अजय देवगन की साल 2025 की पहली फिल्म**

'आजाद' में अजय देवगन का रोल भी काफी खास होने वाला है. ये साल 2025 की उनकी पहली फिल्म होने वाली है. आखिरी बारअजय 'सिंघम अगेन' में दिखे हैं, जो 1 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई है. कथित तौर पर 350 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 366 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया.

## जूनियर एशिया कप में भारत ने चीनी ताइपे को 16-0 से रौंदा

एजेंसी

**मस्कट।** भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने पुरुष जूनियर एशिया कप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां पूल ए मैच में चीनी ताइपे को 16-0 से हरा दिया।दिलराज सिंह (17फीसदी, 40फीसदी, 45फीसदी, 57फीसदी) ने मैच में चार शानदार गोल किए। अपने पिछले पूल ए मैच में जापान जैसे कठिन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 3-2 की जीत के बाद, भारत ने आक्रमण के साथ शुरुआत की जिसका सकारात्मक परिणाम मिला। मैच के केवल 7वें मिनट में, टीम के फॉरवर्ड ने एक पेनाल्टी कार्नर हासिल किया, जिसे योगेम्बर रावत ने बेहतरीन ढंग से मारा। पहले क्वार्टर में भारतीय टीम 1-0 से आगे थी। दूसरे क्वार्टर में भारतीयों ने आक्रामक रुख अपनाया और एक के बाद एक चार गोल दागे। सुल्तान जोहोर कप में भारत के प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाने वाले तेजतर्रार फॉरवर्ड दिलराज सिंह ने 17वें मिनट में टीम के लिए दूसरा गोल किया. इस क्वार्टर में सौरभ आनंद कुशवाह (20फीसदी, 28फीसदी) ने दो बार गोल किया जबकि रोसन कुजूर (23फीसदी) ने भी हाफ टाइम तक टीम की बढ़त 5-0 कर दी। भारत ने तीसरे क्वार्टर में लगातार दो गोल करके चीनी ताइपे की रक्षापंक्ति को ध्वस्त करना जारी रखा। उन्होंने तेजी के साथ खेला, सर्कल में जगह बनाने के लिए शॉर्ट-पास पर भरोसा किया। उन्होंने तीसरे क्वार्टर में केवल एक मिनट में तलेम प्रियोबार्टा के पेनाल्टी कार्नर के माध्यम से एक गोल किया।

## चैंपियंस ट्रॉफ़ी में हाइब्रिड मॉडल को लेकर आम सहमति बनना बाकी

**दुबई।** चैंपियंस ट्राफी को लेकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के तमाम प्रयासों के बावजूद आयोजन स्थलों के हाइब्रिड मॉडल को लेकर भी आम सहमति नहीं बन सकी है। बीसीसीआई के सूत्रों के मुताबिक आईसीसी की ऑनलाइन बैठक भी बेनतीजा खत्म हुयी है। माना जा रहा है पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नक़वी ने टूर्नामेंट की मेज़बानी के लिए हाइब्रिड मॉडल से साफ तौर पर इंकार नहीं किया है। उनका मानना है कि हाइब्रिड मॉडल के लिये यदि पाकिस्तान को बाध्य किया जाता है तो अगली बार भारत भी इस मॉडल से इंकार न करे। यहां आईसीसी को समानता का व्यवहार करना होगा। वैसे भी क्रिकेट के लिए जो भी सर्वश्रेष्ठ होगा वह पीसीबी करने में नहीं हिचकेगा। नकवी ने कहा हमें एकतरफ़ा व्यवस्था अब स्वीकार्य नहीं है। ऐसा नहीं हो सकता कि हम भारत जाते रहें, लेकिन वे पाकिस्तान न आएं। जो भी हो समानता के आधार पर होना चाहिए। सूत्रो के अनुसार इस बारे में किसी भी निर्णय के लिये चैंपियंस ट्राफी में भाग लेने वाली टीमों को अगले कुछ दिन इंतजार करना पड़ सकता है।

## आईएसएल: मुंबई सिटी ने हैदराबाद को 1-0 से हराया

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने यहां मुंबई फुटबॉल एरेना में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के एक मुकाबले में हैदराबाद एफसी को 1-0 से हरा दिया। मुबंई एफसी के मेहताब सिंह ने मैच का एकमात्र गोल दागा। पेट्र क्रैटकी की टीम ने मौजूदा सीज़न में अपनी तीसरी जीत हासिल कर पंजाब एफसी के खिलाफ पिछ्ली हार को पीछे छोड़ दिया। खेल का पहला मौका लालियानजुआला छंगटे को मिला मगर हैदराबाद के गोलकीपर ने उनके इस प्रयास को विफल कर दिया। हालांकि कुछ मिनट बाद, मुंबई सिटी ने लगभग बढ़त बना ली थी जब जयेश राणे ने गेंद जॉन टोरल के पास पहुंचने से पहले ही मूव शुरू कर दिया था। मैच के 29वें मिनट में मेहताब ने छंगटे द्वारा दिए गए कॉर्नर पर हेडर लगाने के लिए एक असाधारण मूवमेंट किया और गोल कर दिया। मेजबान टीम द्वारा भारी दबाव झेलने के बाद हैदराबाद एफसी आखिरकार पहले हाफ के अंत में अपने खुद के कुछ मौके बनाने में सफल रही मगर इन प्रयासों को गोल में तब्दील नहीं कर सकी। मुंबई सिटी पांच दिसंबर को ओडिशा एफसी का सामना करने के लिए भुवनेश्वर जाएगी जबकि हैदराबाद एफसी चार दिसंबर को इन-फॉर्म एफसी गोवा की मेजबानी करेगी।

## आठवीं जीत के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचे जयपुर पिंक पैंथर्स

**नोएडा।** जयपुर पिंक पैंथर्स ने नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 86वें मैच में तेलुगू टाइटंस को 41-28 से हराते हुए अंक तालिका में पांचवां स्थान हासिल कर लिया है। जयपुर की यह 15 मैचों में आठवीं जीत है जबकि टाइटंस को 15 मैचों में छठी हार मिली है। जयपुर की जीत में नीरज नरवाल (12), अर्जुन देसवाल (11) की अहम भूमिका रही। टाइटंस को विजय मलिक के 17 अंक के बावजूद हार मिली। इसका कारण यह रहा कि वह तीन बार आलआउट हुई और उसका डिफेंस 12 के मुकाबले सिर्फ सात अंक ले सका। शुरुआती 10 मिनट में दोनों टीमों का स्कोर 7-7 था। टाइटंस ने शानदार आगाज करते हुए चौथे मिनट में ही 5-1 की बढ़त बना ली लेकिन जयपुर ने नीरज के अच्छे प्रदर्शन की बदौलत वापसी की राह पकड़ते हुए जल्द ही स्कोर 4-6 कर दिया। इसके बाद जयपुर ने लगातार तीन अंक लेते हुए न सिर्फ स्कोर 7-7 किया बल्कि टाइटंस को आलआउट की ओर भी धकेल दिया। ब्रेक के बाद विजय ने बोनस लिया और फिर अर्जुन को सुपर टैकल कर टाइटंस को 10-7 से आगे कर दिया। इसके बाद टाइटंस ने दो के मुकाबले पांच अंक हासिल करते हुए छह अंक की बढ़त बना ली।

# मेहताब के हैडर से मुम्बई सिटी एफसी को मिली हैदराबाद एफसी पर जीत

एजेंसी

**मुम्बई।** मुम्बई सिटी एफसी ने अपने घरेलू मैदान मुम्बई फुटबॉल एरिना में खेले गए इंडियन सुपर लीग 2024-25 मुकाबले में हैदराबाद एफसी को 1-0 से हराया। मुम्बई सिटी एफसी की जीत में एकमात्र गोल सेंटर-बैक मेहताब सिंह ने 29वें मिनट में किया। मुम्बई सिटी के मिडफील्डर थायर क्रौमा को मिडफील्ड में दमदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।आज, इस सीजन में अपने घरेलू मैदान पहली क्लीन शीट के साथ आइलैंडर्स की जीत से चेक हेड कोच पीटर क्रेटकी निश्चित रूप से प्रसन्न होंगे। मुम्बई सिटी एफसी नौ मुकाबलों में तीन जीत, चार ड्रा और दो हार 13 अंक लेकर तालिका में 10वें से छठे स्थान पर आ गई है। वहीं, अपनी टीम की हार से हैदराबाद एफसी के मुख्य कोच थांगबोई सिंग्टो जरूर निराश होंगे। हैदराबाद एफसी नौ मैचों में दो जीत, एक ड्रा और छह हार से




सात अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर बनी हुई है। मैच का एकमात्र गोल 29वें मिनट में आया, जब सेंटर-बैक मेहताब सिंह ने मुम्बई सिटी एफसी को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। लगातार मिले चौथे कॉर्नर किक पर कप्तान लल्लियांजुआला छांगटे ने बाएं फ्लैंक से क्रॉस डालकर गेंद को बॉक्स के अंदर सेंटर किया, जहां खिलाड़ियों की भीड़ में मौजूद मेहताब ने सटीक हैडर लगाया और गेंद गोलकीपर लालबियाखलुआ जोंगटे के दाहिने हाथ से लगकर गोल जाल में जा उलझी। इसके साथ ही छांगटे मुम्बई सिटी के लिए सबसे ज्यादा 36 योगदान (21 गोल व 15 सहायता) करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अपने साथी विंगर बिपिन सिंह (35 योगदान - 24 गोल और 11 सहायता) को पीछे छोड़ा दिया है। पहले हाफ में मुम्बई सिटी एफसी का दबदबा रहा, क्योंकि मेजबान टीम ने सेंटर-बैक मेहताब सिंह के गोल की बदौलत बढ़त बनाई और उसे बरकरार रखा। गेंद पर ज्यादा नियंत्रण मुम्बई सिटी एफसी का 66 फीसदी रहा। आइलैंडर्स ने 13 प्रयास किए, जिनमें से तीन शॉट्स को टारगेट पर रखा और एक पर गोल दागा। वहीं, गेंद पर 34 फीसदी कब्जा रखने वाली हैदराबाद एफसी की ओर से तीन प्रयास किए गए, जिनमें से केवल एक शॉट टारगेट पर रहा लेकिन गोल नहीं आया।

## यूपीसीए में चयन प्रक्रिया पर हो रहे भ्रष्टाचार पर पुलिस का शिकंजा

एजेंसी

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व क्रिकेट खिलाड़ी रहे मोहसिन रजा ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की कारगुजारियों की लगातार पोल खोल रहे हैं। अब उनके आरोपों में दम दिखाई देने लगा है, क्योंकि सेलेक्शन के नाम पर जिससे 10 लाख रुपये लिए गए हैं, अब उसने पुलिस की शरण ले ली है। एसीपी ने रुपये वापस मांगने पर मारपीट करने वालों के खिलाफ अपना अभिकथन अभिलिखित कराने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में भ्रष्टाचार की परतें दिन प्रतिदिन खुलती जा रही हैं। यहां पर भ्रष्टाचार कई प्रकार से हो रहा है, जिसमें सबसे अहम क्रिकेट खिलाड़ियों से चयन के नाम पर वसूली है। इसको लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व क्रिकेट खिलाड़ी रहे मोहसिन रजा बराबर मुखर हैं। उनकी शिकायतों पर अब तक क्या कार्रवाई हो रही है, उसकी जानकारी तो अभी सार्वजनिक नहीं हो पा रही है, लेकिन वह लोग अब सामने आने लगे हैं जिन्होंने सेलेक्शन के नाम पर रुपये दिए हैं जिनका नाम मोहसिन रजा ले रहे हैं। सेलेक्शन न होने के बाद जब रुपया वापस मांगा गया तो आरोप है कि कमला क्लब में पांच लोगों ने उनके साथ मारपीट की और धमकी दी। मामला बड़े स्तर का होने के चलते पीड़ित पुलिस तक नहीं पहुंचते थे, लेकिन पीड़ित सत्यप्रकाश यादव ने पुलिस की शरण ले ली। मामले की जांच स्वरूपनगर सहायक पुलिस आयुक्त इन्द्र प्रकाश सिंह कर रहे हैं। एसीपी इन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि एक जांच मेरे पास विभाग से आई है, जिसमें रिजर्व पुलिस लाइन निवासी पीड़ित सत्यप्रकाश यादव का आरोप है कि क्रिकेट सेलेक्शन के नाम पर मो. अकरम और अनुराग मिश्रा ने अलग–अलग समय पर कुल 10 लाख रुपये लिए हैं। सेलेक्शन न होने पर जब रुपयों की मांग की गई तो बातचीत के लिए उनके खासमखास जसमेर धनकर, सिद्धार्थ पाण्डेय, गुजनान खान, कुणाल त्यागी और नदीम ने 28 सितंबर को कमला क्लब में बुलाया।

## यूएसपीएल सीजन 3 : न्यू जर्सी टाइटंस को हरा न्यूयॉर्क काउबॉयज फाइनल में

एजेंसी

**फ्लोरिडा (यूएसए)।** फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में आयोजित यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) के एलिमिनेटर मुकाबले में कप्तान जेक लिंटॉट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को फाइनल में जगह दिलाई। करो या मरो के इस गेम में न्यूयॉर्क काउबॉयज ने न्यू जर्सी टाइटंस को 30 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ काउबॉयज ने फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है, जहां उनका सामना टॉप पर मौजूद मैरीलैंड मेवरिक्स के साथ होगा।तीन हार के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत करने वाले न्यूयॉर्क काउबॉयज ने असाधारण खेल दिखाते हुए लगातार 4 मुकाबले जीतकर ट्रॉफी की मजबूत दावेदारी पेश की है। न्यूयॉर्क काउबॉयज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ताबड़तोड़ शुरुआत की और मुख्तार अहमद की 41 गेंदों में 59 रन की शानदार पारी की बदौलत पावरप्ले में 63 रन बोर्ड पर लगा दिए। जिसके बाद पारी कुछ लड़खड़ाई, लेकिन अंत में परवीन कुमार के 13 गेंदों में महत्वपूर्ण 19



और कप्तान लिंटॉट के 10 रनों ने टीम को 9 विकेट के नुकसान पर 152 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। लक्ष्य का पीछा करने के दौरान, जब न्यू जर्सी टाइटंस को 18 गेंदों पर 36 रनों की आवश्यकता थी। तब कप्तान लिंटॉट ने 18वें ओवर की जिम्मेदारी खुद उठाई और जैसा वह चाहते थे वैसा ही हुआ। जहां इस ओवर के पहले तक टाइटंस का स्कोर 117/5 था, वहीं इस ओवर के बाद टीम 119/9 के स्कोर पर पहुंच गई और 19वां ओवर खत्म होते-होते 122 रनों पर धराशाई हो गई। काउबॉयज के लिए जेक लिंटॉट और परवीन कुमार दोनों ने ही शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट झटके।

## ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्विमिंग चैम्पियनशिप के लिए सीएसजेएमयू के 11 तैराक चयनित

एजेंसी

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) कानपुर के 11 तैराकों ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्विमिंग चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह तैराक एसआरएम विश्वविद्यालय चेन्नई में 25 से 28 दिसम्बर के बीच आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के 11 तैराकों ने नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी (पुरुष और महिला) स्विमिंग चैम्पियनशिप 2024-25, जो 28 से 30 नवम्बर तक भुवनेश्वर में आयोजित की गई थी, में शीर्ष 16 स्थान प्राप्त कर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्विमिंग चैम्पियनशिप के लिए अपनी योग्यता साबित की है। मीडिया प्रभारी डा. विशाल शर्मा ने बताया कि योग्य छात्रों में आदित्य कांत वेदांती-मिक्स्ड, 4 × 100 मीटर फ्रीस्टाइल, अनुज कुमार-मिक्स्ड, 4 × 100 मीटर मेडले, 4 × 100 मीटर फ्रीस्टाइल, स्नेहा निषाद4 × 200 मीटर फ्रीस्टाइल, मिक्स्ड, 4 × 100 मीटर फ्रीस्टाइल शिवांगी राजभर-मिक्स्ड, 4 × 100 मीटर मेडले, 4 × 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 100 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर बैकस्ट्रोक, आदित्य




शुक्ला-4 × 100 मीटर फ्रीस्टाइल, आयुषी पांडे-मिक्स्ड, 4 × 100 मीटर मेडले, 4 × 200 मीटर फ्रीस्टाइल, अमित-4 × 100 मीटर मेडले, 4 × 100 मीटर फ्रीस्टाइल, अजय-4 × 100 मीटर फ्रीस्टाइल, उमेश निषाद-4 × 100 मीटर मेडल, सानिया दानिश सिद्दीकी-4 × 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 100 मीटर बटरफ्लाई आदित्य पाठक-मिक्स्ड, 4 × 100 मीटर मेडले, 4 × 100 मीटर फ्रीस्टाइल में हैं। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ. विनय कुमार पाठक ने इस उपलब्धि के लिए शारीरिक शिक्षा विभाग, खेल सचिव डॉ. प्रभाकर पांडे, खेल विभागाध्यक्ष डॉ. सर्वान यादव, स्विमिंग पूल प्रभारी निमिषा कुशवाहा, मुख्य कोच तेजेंद्र वीर शर्मा, और लाइफगार्ड रोहित निशाद को बधाई दी। इसके अलावा, कानपुर जिला स्विमिंग एसोसिएशन के प्रकाश अवस्थी और आईआईटी कानपुर के खेल अधिकारी और स्विमिंग कोच विवेक राव ने भी टीम और कोच तेजेंद्र वीर शर्मा को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# केन विलियमसन 9000 टेस्ट रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के पहले खिलाड़ी बने

एजेंसी

**क्राइस्टचर्च।** स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया है। वह 9,000 टेस्ट रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के पहले क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने क्राइस्टचर्च में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। चोट से वापसी करने के बाद केन विलियमसन ने क्राइस्टचर्च टेस्ट में दमदार प्रदर्शन किया। 34 वर्षीय खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में 86 गेंदों पर 61 रनों की पारी खेली। 36वें ओवर में क्रिस वोक्स द्वारा उन्हें आउट करने के बाद उनकी पारी का अंत हुआ। इससे पहले पहली पारी में कीवी बल्लेबाज ने 47.21 की स्ट्राइक



रेट से 197 गेंदों पर 93 रन बनाए थे। टेस्ट मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। विलियमसन के 93 और फिलिप्स 58 रनों की जुझारू पारी की बदौलत कीवी टीम ने अपनी पहली पारी में 348 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए ब्राइडन कार्स और शोएब बशीर ने 4-4 विकेट लिए।

जवाब में इंग्लैंड ने हैरी ब्रूक की 197 गेंदों में 171 रनों की शानदार पारी और बेन स्टोक्स के 80 रनों की बदौलत अपनी पहली पारी में 499 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए नाथन स्मिथ ने 3 और मैट हेनरीने 4 विकेट लिए। दूसरी पारी में केन विलियमसन (61) और डेरिल मिशेल (31) की मदद से, न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर 156 रनों पर अपने 6 विकेट खो दिये हैं। डेरिल मिशेल (31*) और नाथन स्मिथ (1*) नाबाद हैं।

## सर्वश्रेष्ठ फीफा खिलाड़ी पुरस्कार 2024 : विनिसियस जूनियर, कार्वाजल,एमबाप्पे नामितों में शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फीफा ने 2024 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामितों की घोषणा की, जिसमें विनीसियस जूनियर, दानी कार्वाज़ल, जूड बेलिंगहैम, किलियन एमबाप्पे, फेडे वाल्वरडे और टोनी क्रूस जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। बार्सिलोना की ऐताना बोनमती महिला पुरस्कार के लिए नामितों में सबसे आगे हैं। पुरस्कार समारोह की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। विनीसियस जूनियर और उनके रियल मैड्रिड टीम के साथी रॉड्री अब एक और मुकाबले के लिए तैयार हैं। रॉड्री, जिन्होंने मैनचेस्टर सिटी के ऐतिहासिक चौथे लगातार प्रीमियर लीग खिताब और स्पेन की यूरो 2024 जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नामित किया गया था, एक मजबूत पसंदीदा हैं।विनीसियस जूनियर रॉड्री के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिद्वंद्वी हैं, जिन्होंने पिछले सीजन में सभी प्रतियोगिताओं



में 24 गोल किए और 11 सहायता प्रदान की। उनका प्रदर्शन रियल मैड्रिड की ला लीगा जीत और बोरुसिया डॉर्टमुंड के खिलाफ चैंपियंस लीग फाइनल जीत में महत्वपूर्ण था, जहां उन्होंने दूसरा गोल किया।

# लीग लीडर बेंगलुरू एफसी के खिलाफ ओडिशा को घरेलू फॉर्म पर भरोसा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा एफसी की टीम यहां कलिंगा स्टेडियम में अपना शानदार घरेलू रिकॉर्ड बरकरार रखने के लिए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में लीग लीडर बेंगलुरू एफसी से भिड़ेगी।ओडिशा ने अपने पिछले मैच में हैदराबाद एफसी पर 6-0 की प्रभावी जीत दर्ज की थी और वे नए हौसले के साथ ब्लूज के खिलाफ घरेलू मैदान पर उतरेंगे। ओडिशा एफसी नौ मैचों में तीन जीत, तीन ड्रा और तीन हार से 12 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है। वहीं, बेंगलुरू एफसी नौ मैचों में छह जीत, दो ड्रा और एक हार से 20 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। ब्लूज ने अपने पिछले मैच में मोहम्मडन स्पोर्टिंग को 2-1 से हराया था। ओडिशा एफसी ने कलिंगा स्टेडियम में बेंगलुरू एफसी के खिलाफ अपने पिछले दोनों आईएसएल मैच जीते



हैं। ओडिशा ने बेंगलुरू एफसी के खिलाफ अपने पिछले दो आईएसएल मुकाबलों में अपराजित (1 जीते और 1 ड्रा) रहे हैं। अगले मुकाबले में जीत या ड्रा ब्लूज के खिलाफ उनके सबसे लंबे अपराजित सिलसिले को कायम करेगी।ब्लूज ने इस सीजन में अपने चार अवे मैचों में दो जीते हैं। ऐसा उनके इतिहास में केवल दूसरी बार हुआ है जब उन्होंने घर से बाहर शुरुआती चार मैचों में यह आंकड़ा हासिल किया है (2018-19 में 4/4 जीत)। बेंगलुरू एफसी ने अपने पिछले दो आईएसएल मैचों में प्रत्येक में एक से ज्यादा गोल किए हैं। पिछली बार उन्होंने जनवरी और फरवरी 2023 के बीच पांच मैचों तक ऐसा किया था।ओडिशा एफसी के स्पेनिश हेड कोच सर्जियो लोबेरा ने जीत हासिल करने पर जोर दिया, जिससे जगरनॉट्स को अभियान के अंत में अपना भाग्य संवारने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, पहला कदम अगला मैच जीतना है। निश्चित रूप से, आगामी कुछ मैचों में हम संभावित छह अंक जीत सकते हैं। अच्छी स्थिति में आने के लिए अंक हासिल करना महत्वपूर्ण है। यह लीग के अंतिम चरण में हमारी मदद करेगा। बेंगलुरू एफसी के स्पेनिश हेड कोच जेरार्ड जारागोजा ने माना कि गर्मियों में अच्छे खिलाड़ियों को चुनना और शानदार प्री-सीजन इस साल ब्लूज की सफलता का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा, हमने अपनी शैली के हिसाब से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को खोजने के लिए कड़ी मेहनत की और उनको चुना।

# बैडमिंटन चैंपियनशिप : पीवी सिंधु पहुंची फाइनल में, चीन की वू लुओ यू से होगी टक्कर

एजेंसी

**लखनऊ।** पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप के एकल में भारतीय चुनौती कायम रखते हुए फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित 2,10,000 अमेरिकी डालर की इनामी राशि वाली चैंपियनशिप में मिश्रित युगल में पांचवीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो, पुरुष युगल में भारत के साई प्रतीक व पृथ्वी कृष्णामूर्ति, महिला युगल में दूसरी वरीय भारत की त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पुलेला भी फाइनल में पहुंच गए। महिला एकल सेमीफाइनल में पीवी सिंधु ने हमवतन उन्नति हुड्डा को 36 मिनट चले मैच में 21-12, 21-9 से




हराया। पीवी सिंधु ने पहले गेम में लगातार बढ़त बनाए रखी और 20-11 के स्कोर पर गेम प्वाइंट बनाया। हालांकि इसके बाद अगली ही सर्विस पर आफिशियल रिव्यू के चलते उन्नति ने गेम प्वाइंट बचा लिया। फिर भी सिंधु ने आसानी से अंक जुटा लिया। दूसरे गेम में विश्व रैंकिंग में 18वीं वरीय पीवी सिंधु को विश्व में 70वीं वरीय उन्नति हुड्डा ने चुनौती देने की कोशिश की, लेकिन पीवी सिंधु ने अपनी लंबाई व अनुभव का पूरा इस्तेमाल किया। उन्होंने 6-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन उन्नति ने फिर दो अंक हासिल किए। हालांकि सिंधु ने दमदार स्मैश और कोर्ट कवरेज की बदौलत ये गेम अपने नाम कर लिया। विश्व चैंपियन व ओलंपिक रजत व कांस्य पदक विजेता पीवी सिंधु इससे पहले 2017 और 2022 में में मोदी बैडमिंटन में विजेता रही है और लखनऊ में अपने तीसरे खिताब से एक जीत दूर हैं। दूसरी ओर उन्नति 2022 में ओडिशा ओपन के साथ 2023 में अबु धाबी मास्टर्स फाइनल की विजेता श इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज की विजेता रही है। पीवी सिंधु की अब फाइनल में चीन की वू लुओ यू से टक्कर होगी जिसने थाईलैंड की ललिनरात चाइवान को 21-19, 21-12 से हराया।

# राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता : बारह स्वर्ण के साथ महाराष्ट्र अव्वल, हरियाणा रहा दूसरे स्थान पर

एजेंसी

**लखनऊ।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा अंडर-17 आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की 05 दिवसीय 68वीं राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता का गुरु गोबिन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज कुर्सी रोड लखनऊ में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के समापन दिवस पर पदक तालिका में 12 स्वर्ण, 02 रजत और 04 कांस्य पदक के साथ महाराष्ट्र शीर्ष पर, 04 स्वर्ण, 07 रजत और 06 कांस्य के साथ हरियाणा द्वितीय स्थान पर तथा उत्तर प्रदेश 04 स्वर्ण, 03 रजत एवं 03 कांस्य के साथ पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया इसके पश्चात ध्वजावतरण और विजेता राज्य को हस्तान्तरित करने के साथ ही समापन की घोषणा की गयी।

समापन समारोह अवसर पर माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है, जिसके बिना अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना नहीं की जा सकती है। हमारा उद्देश्य यही है कि खेलेंगे तो खिलेंगे। उन्होंने



सभी विजेताओं को मेडल और ट्राफी देकर सम्मानित कर एवं शुभकामना दी। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्कूली प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अवसर मिला, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सकुशल सम्पन्न कराया गया। एक तरफ हम सब आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ नई शिक्षा नीति को मूर्त रूप देने के लिए तत्पर हैं। इस प्रक्रिया में पाठ्य सहगामी क्रिया-कलापों के अन्तर्गत हमारे खेलों की महती भूमिका होती है जो विद्यार्थियों के समग्र विकास का आधार भी है।इस अवसर पर राजकीय बालिका इण्टर कालेज, विकास नगर, लखनऊ एवं आर्यकन्या बालिका इण्टर कालेज, लखनऊ की छात्राओं के द्वारा खेल थीम पर शानदार नृत्य प्रस्तुति दी गयी। एस0जी0एफ0आई0 के तत्वावधान में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स प्रतियोगिता 2024 अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा, वित्त, गृह एवं अध्यक्ष स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया दीपक कुमार की अध्यक्षता और सचिव यूपी बोर्ड एवं सदस्य स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया भगवती सिंह के निर्देशन में आयोजित हुई।

